राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड संगठन की मासिक पत्रिका

# स्काउट गाइड ज्योति

वर्ष-26 | अंक-01 | जुलाई, 2025 | कुल पृष्ठ-32 | मूल्य-₹ 15



भरतपुर में मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा दीपक जलाकर वंदे गंगा जल संरक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए। इस अवसर पर स्काउट गाइड द्वारा व्यवस्थाओं में सहयोग दिया गया।



वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान, मेला ग्राउण्ड, पुष्कर कार्यक्रम में मुख्यमंत्री माननीय श्री भजनलाल शर्मा के स्वागत में सेवा देती स्थानीय रेंजर गाइड

# चित्र-विथिका




आनासागर झील में श्रमदान करने वाले स्काउट/गाइड दल के साथ
विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी एवं जिला कलक्टर अजमेर श्री लोकबन्धु



शिक्षा मंत्री राजस्थान श्री मदन दिलावर जी के बीकानेर आगमन पर राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड दल के साथ
आयोजित **Walk For Revolution in Education** के अवसर पर कैमरे में कैद आनंद के पल

**स्काउट गाइड ज्योति**
**वर्ष : 26 अंक : 01**
**जुलाई, 2025**

## सलाहकार मण्डल

**निरंजन आर्य**
आई.ए.एस. (से.नि.)
स्टेट चीफ कमिश्नर

**आशीष मोदी,** आई.ए.एस.
स्टेट कमिश्नर (स्काउट)

**निर्मल पंवार**
स्टेट कमिश्नर (रोवर)

**डॉ. भंवर लाल,** आई.ए.एस.
स्टेट कमिश्नर (कब)

**महेन्द्र कुमार पारख,** आई.ए.एस.(से.नि.)
स्टेट कमिश्नर (एडल्ट रिसोर्स)

**रूक्मणि आर.सिहाग,** आई.ए.एस.
स्टेट कमिश्नर (गाइड)

**शुचि त्यागी,** आई.ए.एस.
स्टेट कमिश्नर (रेंजर)

**टीना डाबी,** आई.ए.एस.
स्टेट कमिश्नर (बुलबुल)

**मुग्धा सिन्हा,** आई.ए.एस.
स्टेट कमिश्नर (एडल्ट रिसोर्स)

**स्टेट कमिश्नर (हैडक्वाटर्स-स्काउट)**
नवीन महाजन, आई.ए.एस.
नवीन जैन, आई.ए.एस.
टीकम चंद बोहरा, आई.ए.एस.
आर.पी. सिंह, आई.पी.एस. (से.नि.)
डॉ. एस.आर. जैन
डॉ. अखिल शुक्ला

**स्टेट कमिश्नर (अहिंसा, शांति-समन्वय)**
मनीष कुमार शर्मा

**राज्य कोषाध्यक्ष**
ललित वर्मा

## सम्पादक

**डॉ. पी.सी.जैन**
राज्य सचिव

## सहायक सम्पादक

**नीरज जैन**




## इस अंक में

| विषय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| दिशाबोध | 4 |
| संपादकीय | 4 |
| मुख्यमंत्री का स्काउट्स संग वंदे गंगा अभियान | 5 |
| राज्य स्तरीय रोवर/रेंजर ट्रेकिंग कम एडवेंचर शिविर | 6 |
| राज्य स्तरीय स्काउटर/गाइडर शैक्षिक भ्रमण | 7 |
| प्लास्टिक टाइड टर्नर चैंपियन अवार्ड 2025 | 9 |
| क्षमता निर्माण कार्यशाला | 9 |
| यूथ कमेटी बैज भेंट | 9 |
| ग्रीष्मावकाश विशेष कार्यक्रम सम्पन्न | 10 |
| आबू में निकाली तंबाकू निषेध चेतना रैली | 11 |
| सहायक लीडर ट्रेनर प्रशिक्षण शिविर | 12 |
| 165वां री-ओरीएन्टेशन कोर्स | 12 |
| गतिविधि दर्पण | 13 |
| नि:स्वार्थ भाव अर्थात स्काउटिंग | 26 |
| हमारे महापुरुष : प्रेमचंद : उपन्यास सम्राट | 27 |
| दक्षता पदक | 29 |
| गतिविधि पञ्चांग | 30 |

## लेखकों से निवेदन

स्काउट गाइड ज्योति का प्रकाशन मात्र प्रकाशन भर नहीं है बल्कि यह पत्रिका हमारे संगठन का दर्पण है, जो आयोजित हो चुकी गतिविधियों को प्रस्तुत करने, संगठन के कार्यों और इसके प्रशिक्षण तथा अन्य समाजोपयोगी क्रियाकलापों के विचारों को प्रकट करने का सशक्त माध्यम है।

समस्त पाठकों, सृजनात्मक एवं रचनाधर्मी प्रतिभाओं से स्वलिखित, मौलिक व पूर्व में अप्रकाशित स्काउटिंग गाइडिंग से संबंधित लेख, यात्रा वृत्तान्त, कैम्प क्राफ्ट संबंधी लेख, प्रशिक्षण विधि, पाठक प्रतिक्रिया आदि प्रकाशनार्थ आमंत्रित हैं। आपके अनुभव प्रत्येक स्काउट गाइड के लिए अमूल्य हैं। आप द्वारा प्रेषित सामग्री आपके नाम व फोटो के साथ प्रकाशित की जावेगी। लेख स्पष्ट टंकित हो तथा उस पर यह अवश्य लिखा हो कि 'यह लेख मौलिक एवं अप्रकाशित है'।

प्रकाशनार्थ सामग्री हमारी ईमेल आई.डी. **scoutguidejyoti@gmail.com** पर भिजवाई जा सकती हैं।

| स्काउट गाइड ज्योति वार्षिक सदस्यता शुल्क | आजीवन सदस्यता शुल्क |
|---|---|
| व्यक्तिगत शुल्क :100/- संस्थागत शुल्क:150/- | 1200/- |

शुल्क राशि राज्य मुख्यालय जयपुर पर एम.ओ. अथवा 'राजस्थान स्टेट भारत स्काउट एण्ड गाइड, जयपुर' के नाम डिमान्ड ड्राफ्ट द्वारा जमा कराई जा सकती है।

नोट : स्काउट गाइड ज्योति में छपे/व्यक्त विचार प्रस्तोता के अपने हैं। यह जरूरी नहीं है कि संगठन इनसे सहमत ही हो।

# दिशाबोध



## शिक्षा और पर्यावरणीय दायित्व

वैश्विक दायित्व निर्वहन के लिए पर्यावरण की दृष्टि से यह माह बहुत महत्वपूर्ण है। पिछले दो माह के दौरान पर्यावरण को सुधारने, संरक्षण और उसके प्रति जन चेतना जागृत करने के उद्देश्य से अनेक राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय दिवस मनाये गये। पर्यावरण की रक्षा के लिए प्रदेश संगठन के माध्यम से अनेक प्रभावी गतिविधियाँ निरन्तरता लिये हुए कई वर्षों से चल रही है। इस माह हमें पर्यावरण के लिए कुछ ऐसा करना है कि समाज व आमजन के लिए एक उदाहरण बन सकें।

ग्रीष्मवकाश पूर्ण हुआ और शिक्षा सत्र प्रारम्भ हो चुका है, नई कक्षा...नये सहपाठी....नये गुरूजन के साथ नये सत्र पर सभी स्काउट–गाइड, रोवर–रेंजर एवं स्काउटर–गाइडर को हार्दिक शुभकामनाएं संप्रेषित करते हुए कहना चाहता हूँ कि वर्ष पर्यन्त शिक्षा पर अपना ध्यान केन्द्रित रखते हुए समय का पूरा सदुपयोग करें। समय जो कभी रूकता नहीं, ना ही कभी लौट कर आता है। अतः सदैव इसकी महत्ता को समझें और इसका सम्मान करें।

वर्ष पर्यन्त नियमित पढ़ाई तो करनी ही है, साथ ही इस बात का हमेशा ध्यान रहे कि प्रत्येक विद्यार्थी में कोई न कोई ऐसी स्किल जरूर होती है, जो उसे औरों से कहीं अलग और यूनीक बनाती है। मगर पता नहीं क्यों बहुत से स्टूडेंट अपने ऐसे गुणों पर ध्यान ही नहीं देते हैं। अध्ययन के दबाव में इसे वे भूल ही जाते हैं। याद रखिए, अपनी स्किल्स को हमेशा मजबूत करते रहें। कम से कम इसे हॉबी के रूप में तो जिंदा रखें ही। कभी–न–कभी ये जरूर काम आती है।

सभी को नव शिक्षा सत्र की पुनः शुभकामनाएं देते हुए आह्वान करता हूँ कि शिक्षा के साथ ही पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनें और मानसून के वर्षा जल को संरक्षित कर अपना व आने वाली पीढ़ी का भविष्य सवांरने का सद्प्रयास करते हुए सामाजिक दायित्व का निर्वाह करें।

हार्दिक शुभकामनाओं सहित.....

**निरंजन आर्य**
**स्टेट चीफ कमिश्नर**

# संपादकीय



सभी को विदित ही है कि यह संगठन वर्ष 1975 से बालक–बालिकाओं को स्वावलम्बन के मार्ग पर अग्रसर करने के उद्देश्य से ग्रीष्मावकाश में कौशल विकास प्रशिक्षण शिविरों का संचालन कर रहा है।

स्वावलम्बन द्वारा बच्चे विकास पथ की ओर अग्रसर होते हैं। स्वावलम्बन ही वास्तव में बच्चों को स्वस्थ जीवन का आधार प्रस्तुत करता है। विश्व के जो महापुरूष, महात्मा या युग पुरूष हुए हैं वे सभी स्वावलम्बी जीवन जीकर एक दूसरे को स्वावलम्बन की प्रेरणा देते रहे हैं। स्वावलम्बन से आत्म सुख, आत्म संतुष्टि और आत्म कल्याण भी होता है। स्वावलम्बन द्वारा आत्म शक्ति का विकास व आत्म विवेक उदय होता है, जिससे मानव के आत्म केन्द्रित होने में देर नहीं लगती है। इन्हीं सब खूबियों से प्रेरित हो हमारा संगठन बालक–बालिकाओं के जीवनोत्थान की दिशा में गत् 50 वर्षों से क्रियाशील है।

ग्रीष्मावकाश का इस संगठन के लिए बहुत बड़ा योगदान रहता है। इन्हीं दो माह की अवधि में संगठन की संख्यात्मक वृद्धि के लिए बेसिक कोर्सेस का आयोजन किया गया, जिनमें अध्यापक/अध्यापिकाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। राजस्थान के एक मात्र पर्वतीय स्थल आबूपर्वत पर अनेक प्रकार के शिविरों का आयोजन किया गया, जिनमें बड़ों और बच्चों दोनों ने सहभागिता कर सुखद आनन्द के साथ प्रशिक्षण प्राप्त किया। माह जून में केती, उटी (तमिलनाडू) में रोवर/रेंजर साहसिक शिविर व स्काउटर गाइडर शैक्षिक भ्रमण का आयोजन हुआ, जिसमें सम्पूर्ण प्रदेश से बहुत बड़ी संख्या में सहभागिता रही।

भीषण गर्मी के इन दो माह में स्काउट गाइड पशु–पक्षियों, राहगीरों और यात्रियों की सेवा में भी समर्पित रहते हैं। गत् 23 वर्षों से परिण्डे और चुग्गापात्र बांध कर मूक पक्षियों की सेवा में एवं बस स्टेण्ड, रेल्वे स्टेशन व प्रमुख स्थलों पर राहगीरों व यात्रियों को शीतल जल पिलाकर ये बच्चे स्काउट गाइड के नियमों की पालना के साथ ही अपने आप में आत्म–शोधन जैसी असाधारण सद्भावनाओं का उदय और संचार कर रहे हैं।

मैं इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ।

**डॉ. पी.सी. जैन**
**राज्य सचिव**

# मुख्यमंत्री का स्काउट्स संग वंदे गंगा अभियान



भरतपुर में 05 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के एक दिवसीय दौरे पर भरतपुर पहुंचने पर प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने अगवानी की। मुख्यमंत्री श्री शर्मा के एमएसजे ग्राउंड स्थित हेलीपैड पहुंचने पर जल संसाधन मंत्री एवं जिला प्रभारी सुरेश सिंह रावत, गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, पुलिस महानिरीक्षक राहुल प्रकाश, जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव, पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा, भारत स्काउट व गाइड मण्डल मुख्यालय भरतपुर से सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) गिरिराज प्रसाद गर्ग एवं रोवर्स ने एमएसजे कॉलेज खेल मैदान में कदम्ब का पौधा लगाकर हरियालो राजस्थान के तहत एक पेड़ माँ के नाम अभियान में अधिक से अधिक पौधरोपण करने का संदेश दिया।

माननीय मुख्यमंत्री श्रीमान भजनलाल शर्मा ने ऐतिहासिक सुजान गंगा नहर भरतपुर में विशेष पूजा–अर्चना कर आरती की।

राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड मण्डल मुख्यालय भरतपुर के द्वारा वंदे गंगा जल संरक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ के लिए दीपदान कार्यक्रम हेतु कार्यक्रम स्थल सुजान गंगा नहर भरतपुर पर मंशा माता मंदिर चौपाटी पर हजारों की संख्या दीपक लगाये गये। मुख्यमंत्री महोदय ने दीपक जलाकर वंदे गंगा जल संरक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ सम्पूर्ण राजस्थान प्रदेश में अच्छी वर्षा एवं वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान की सफलता की कामना की। उन्होंने सुजान गंगा के किनारे भ्रमण कर दीपदान का अवलोकन किया। इस अवसर पर भारत स्काउट व गाइड मण्डल भरतपुर से सहायक राज्य संगठन आयुक्त श्री गिरिराज प्रसाद गर्ग, सी.ओ. गाइड श्रीमती कल्पना शर्मा, सी.ओ. स्काउट देवेन्द्र कुमार मीना, सहायक लीडर ट्रेनर स्काउट यादराम, स्थानीय संघ सचिव भरतपुर भानु प्रताप सिंह, स्काउटर राजीव मीना, विनोद कुमार, जलसिंह, अनुप कुमार, सहदेव मीना, प्रेम प्रकाश, गौरव सैनी, वैभव ऊपमन, गाइडर लक्ष्मी गुप्ता, नीलम महावर, अंजू कुमारी, सुषमा कुमारी, मिथिलेश मीना, गुड़िया शर्मा व स्काउट गाइड व रोवर्स रेंजर्स आदि ने उपस्थित होकर दीपदान कार्यक्रम के भव्य आयोजन करवाने के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। भारत स्काउट व गाइड टीम की जिला प्रशासन भरतपुर ने भूरि–भूरि प्रशंसा की।



# राज्य स्तरीय रोवर/रेंजर ट्रेकिंग कम एडवेंचर शिविर

**स्थान : दक्षिणी रेलवे ट्रेनिंग सेंटर, केटी (उटी), तमिलनाडू  दिनांकः 8 से 12 जून 2025**



राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड राज्य मुख्यालय जयपुर के तत्वावधान में प्रतिवर्ष ग्रीष्मावकाश के समय आयोजित होने वाली गतिविधि के तहत अन्य प्रदेशों के भौगोलिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक स्थलों की जानकारी प्राप्त की जाती है। इस वर्ष राज्य स्तरीय रोवर/रेंजर ट्रेकिंग कम एडवेंचर शिविर 8 से 12 जून 2025 तक दक्षिणी रेलवे ट्रेनिंग सेंटर, केटी (उटी), तमिलनाडू में आयोजित किया गया।

राजस्थान प्रदेश के विभिन्न जिलों से 61 रोवर्स, 42 रेंजर्स, 15 रोवर लीडर्स, 18 रेंजर लीडर्स और 9 स्टाफ, कुल 145 सदस्य इस शिविर में सम्मिलित हुए। 5 दिवसीय इस शिविर का विस्तृत विवरण निम्नलिखित है—

### प्रथम दिवस – 08 जून 2025

#### शिविर का उद्घाटन

राज्य स्तरीय रोवर/रेंजर ट्रेकिंग कम एडवेंचर शिविर का उद्घाटन श्री पी. एस. शेखावत, राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) और शिविर संचालक द्वारा किया गया।

शिविर में राजस्थान प्रदेश के 27 जिलों के रोवर्स, रेंजर्स, रोवर लीडर्स, रेंजर लीडर्स, स्काउट्स, गाइड्स ने सहभागिता की। 8 जून को प्रातः 07.30 बजे अल्पाहार के बाद सहभागियों का पंजीकरण किया गया और उनके लिए आवास व्यवस्था की गई।

दोपहर 02.30 बजे सभी का स्वागत करते हुए व्यक्तिगत परिचय प्राप्त किया गया और शिविर के नियमों और दैनिक कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। बाद में, केटी के स्थल का ट्रेकिंग द्वारा अवलोकन कराया गया। यह ट्रेकिंग दक्षिणी रेलवे ट्रेनिंग सेंटर से प्रारंभ होकर पहाड़ियों की चढ़ाई करते हुए रेलवे स्टेशन तक पहुँची। ऊँचे पहाड़ों और लम्बे पेड़ों के बीच बादल जैसे हमें अपने अंदर समेटे हुए थे।

शिविर के अंत में, सभी ने कैम्प फायर में भाग लिया और थकान को दूर करते हुए भोजन के बाद विश्राम किया।

### द्वितीय दिवस – 09 जून 2025

#### प्रभात फेरी और भ्रमण

9 जून की सुबह, बादलों के बीच छुपे सूरज और धुंआदार मौसम के साथ सभी को प्रभात फेरी के लिए उठाया गया। इसके बाद, सुबह 06.30 बजे ध्वजारोहण किया गया और नाश्ता करने के बाद यात्रा की शुरुआत की गई।

पहला स्थल था एम आर सी आर्म्स पैलेस, जहाँ देश के वीरों के बलिदान को याद किया गया। इस स्थल ने देश के सैनिकों के शौर्य और बलिदान को प्रमुखता से प्रस्तुत किया।

इसके बाद, सभी ने सिम्स पार्क और टी गार्डन का भ्रमण किया। सिम्स पार्क में हरियाली और वर्षो पुराने पेड़ों को देखकर हम सभी ने वहाँ की स्वच्छता और खूबसूरती की सराहना की। टी गार्डन में चाय की पत्तियों का निरीक्षण किया और चाय बनाने की प्रक्रिया का अवलोकन किया।

अंत में, डाल फिल नॉज व्यू प्वाइंट और उटी मार्केट का भी भ्रमण किया।

#### राज्य पदाधिकारियों का स्वागत

9 जून 2025 को शिविर में राज्य कमिश्नर (हैडक्वाटर) श्री आर.पी. सिंह और राज्य सचिव डॉ. पी.सी. जैन द्वारा शिविर का निरीक्षण किया गया।

उक्त अधिकारियों ने 09 से 12 जून 2025 तक शिविर स्थल पर रहकर सम्भागियों के आवास, शौचालय, स्नानघर, भोजन एवं भ्रमण की व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। सम्भागियों से रूबरू होकर उनसे सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने सभी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और सहभागियों का उत्साहवर्धन किया। श्री सिंह ने कहा कि इस प्रकार के शिविरों से हम अपनी शारीरिक और




मानसिक ताकत को बढ़ा सकते हैं। डॉ. जैन ने वनस्पति, जलवायु, खान–पान और संस्कृति की जानकारी दी और ऐसे शिविरों में भाग लेने का महत्व बताया।

**तृतीय दिवस – 10 जून 2025**

**भ्रमण और गतिविधियाँ**

इस दिन की शुरुआत डोडा बेटा पीक की यात्रा से हुई, जहाँ से 8000 मीटर की ऊँचाई से सुंदर श्य दिखाई दिए। इसके बाद, चॉकलेट फैक्ट्री और चाय बगान का भ्रमण किया गया। सभी ने चॉकलेट बनाने की प्रक्रिया देखी और चाय का स्वाद लिया।

दिन का अंत उटी लेक के बोटिंग और बोटनीकल गार्डन में भ्रमण के साथ हुआ।

**चतुर्थ दिवस – 11 जून 2025**

**पायकारा झील और वाटरफॐल**

आज का दिन पायकारा झील और वाटरफॉल के दर्शन के साथ शुरू हुआ। यहाँ बोटिंग का आनंद लिया गया और वर्षा के बीच फोटो खींचे गए। इसके बाद, नाइन्थ माइल्स शूटिंग स्पॉट और उटी मार्केट का भ्रमण किया गया।

शाम को केम्प फायर और राजस्थानी लोकगीतों के साथ दिन का समापन किया गया।

**पंचम दिवस – 12 जून 2025**

**समापन और विदाई**

आज सभी को घर वापसी के लिए तैयार होना था। सर्वधर्म प्रार्थना सभा में सभी ने ईश्वर का धन्यवाद किया और अपने अनुभव साझा किए। शिविर में भाग लेने वाले सभी को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए और ध्वजावतरण के साथ शिविर का समापन किया गया।

# राज्य स्तरीय स्काउटर/गाइडर शैक्षिक भ्रमण

**स्थान : दक्षिणी रेलवे राज्य भारत स्काउट और गाइड, निलाकुंरीनजी प्रशिक्षण केन्द्र, केती (उटी), तमिलनाडू**

**दिनांकः 14 से 18 जून 2025**

राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड, राज्य मुख्यालय, जयपुर के तत्वावधान में प्रतिवर्ष ग्रीष्मावकाश के दौरान आयोजित की जाने वाली गतिविधि में अन्य प्रदेशों के भौगोलिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक स्थलों की जानकारी प्राप्त की जाती है। इस वर्ष राज्य स्तरीय स्काउटर/गाइडर शैक्षिक भ्रमण शिविर का आयोजन दक्षिणी रेलवे राज्य भारत स्काउट और गाइड, निलाकुंरीनजी प्रशिक्षण केन्द्र, केती (उटी), तमिलनाडू में 14 से 18 जून 2025 तक किया गया।



राजस्थान प्रदेश के विभिन्न जिलों से 112 स्काउट्स, 48 गाइड्स और 09 स्टाफ सहित कुल 169 सदस्य इस शिविर में सम्मिलित हुए। 05 दिवसीय इस शिविर का विवरण निम्नलिखित है।

**प्रथम दिवसः 14 जून 2025**

यह शैक्षिक भ्रमण शिविर का पहला दिन था। दिन की शुरुआत पंजीकरण से हुई। पंजीकरण के बाद सभी संभागियों ने नाश्ता किया। कुछ साथी देर से पहुंचे थे, उनके लिए भी नाश्ते की व्यवस्था की गई।

शिविर का शुभारंभ प्रातः 12.30 बजे ध्वजारोहण के साथ हुआ। इसके बाद



सभी ने भोजन किया और 2.15 बजे सभी संभागी हॉल में एकत्रित हुए। राज्य संगठन आयुक्त श्री पी.एस. शेखावत द्वारा सभी संभागियों का राज्य मुख्यायुक्त महोदय एवं राज्य पदाधिकारियों की ओर से स्वागत किया गया। सभी ने अपना परिचय दिया।

शिविर के सफल आयोजन के लिए शिविर नियम, टोली गठन, शिविर केन्द्र की जानकारी, सेवा टोली के कार्य का विभाजन और भ्रमण के दौरान ध्यान रखने योग्य बातों की जानकारी शिविर प्रभारी श्री पी.एस. शेखावत, सहायक प्रभारी एल.आर. शर्मा, दीपेश शर्मा, महेश कुमार कालावत, श्रीमती निशु कँवर और श्रीमती सुनीता मीणा द्वारा दी गई।

परिचय सत्र में दीपेश शर्मा ने हाईक के बारे में जानकारी दी, क्योंकि उटी क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूरी तरह से प्रतिबंध है और 500 रुपए का जुर्माना लगाया जाता है, इसलिए संभागियों को यह जानकारी देना आवश्यक था।

शाम को 4 बजे सभी साथी अपनी–अपनी टोली में हाईक के लिए रवाना हुए। केती के शानदार कैंपफायर के बाद द्वितीय दिवस की कार्यवाही और योजना से सभी को अवगत करवाया गया। तत्पश्चात भोजन हुआ और रात को सभी अपने स्थानों पर गए।

### द्वितीय दिवसः 15 जून 2025

प्रातः 5 बजे जागरण और प्रभात फेरी के साथ द्वितीय दिवस की शुरुआत हुई। इसके बाद सभी संभागी ध्वजारोहण के लिए एकत्रित हुए। 6.30 बजे ध्वजारोहण कर शिविर नियमों और भ्रमण के नियमों की पालना करने के लिए दिशा–निर्देश दिए गए।

सबसे पहले सभी रोज गार्डन पहुंचे, जहाँ पर प्रकृति के शानदार दृश्य का आनंद लिया। इसके बाद टी फैक्ट्री और चॉकलेट फैक्ट्री की ओर यात्रा शुरू हुई। सभी साथी बस में आनंद लेते हुए अपने गंतव्य की ओर बढ़े।

चॉकलेट फैक्ट्री में सभी ने चॉकलेट बनते हुए देखा और टेस्ट करने का अवसर प्राप्त किया। चॉकलेट के प्रति सभी की दीवानगी स्पष्ट रूप से देखी गई।

इसके बाद कर्नाटक गार्डन पहुंचे, जहाँ मोर पंख, हेंगिंग ब्रिज और विभिन्न प्रकार की आकृतियाँ देखी गई। गार्डन की साफ–सफाई और यहां के फव्वारे बहुत आकर्षक थे। उटी लेक पर भी सभी ने समय बिताया, वहाँ की सुंदरता का आनंद लिया और उटी बाजार में खरीददारी की।

रात को कैंपफायर के दौरान सभी ने अपनी प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया और फिर भोजन कर शयन के लिए अपने स्थानों पर गए।

### तृतीय दिवसः 16 जून 2025

शिविर के तृतीय दिवस सुबह की शुरुआत प्रभात फेरी के साथ हुई। सबने नित्यक्रियाओं से निवृत्त होकर ध्वजारोहण में भाग लिया। 6.30 बजे ध्वजारोहण के बाद शिविर नियमों का पालन करने के लिए दिशा–निर्देश दिए गए।

इस दिन पायकारा झील और पायकारा वाटरफॉल की यात्रा की गई। यहाँ सभी ने बोटिंग का आनंद लिया और फिर फोटोग्राफी की।

बोटनिकल गार्डन और उटी बाजार का भी भ्रमण हुआ। सबने वहां की शॉपिंग की और विभिन्न व्यंजन चखे।

रात्रि को एक विशेष अतिथि, श्री हरिप्रसाद शर्मा (स्थानीय टॉय ट्रेन के स्टेशन मास्टर) को आमंत्रित किया गया, जिन्होंने शिविर की प्रस्तुतियों का आनंद लिया। इसके बाद सबने भोजन किया और शयन के लिए अपने स्थानों पर गए।

### चतुर्थ दिवसः 17 जून 2025

केती की हसीन वादियों में एक नई सुबह का स्वागत हुआ। सभी ने प्रभात फेरी की और फिर सैन्य क्षेत्र का भ्रमण किया। मद्रास रेजिमेंट के बैरेक, परेड ग्राउंड और म्यूजियम का अवलोकन किया गया, जहाँ देश के वीर सैनिकों के बलिदान और शौर्य के बारे में जानकारी प्राप्त की गई।

इसके बाद सभी ने सिम्स पार्क और टी गार्डन का भ्रमण किया, जहाँ चाय की खेती और चाय बनाने की प्रक्रिया देखी।

रात को सभी ने कैंपफायर का आनंद लिया और फिर भोजन के बाद शयन के लिए अपने स्थानों पर गए।

### पंचम दिवसः 18 जून 2025

शिविर के अंतिम दिन सभी ने सर्वधर्म प्रार्थना सभा में भाग लिया और ईश्वर का धन्यवाद किया। इसके बाद ध्वजारोहण किया गया और सभी ने नाश्ता किया। सभी ने अपने घर जाने की तैयारी की और सामान पैक किया। फिर सभी को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। आखिरकार, ध्वजावतरण के साथ शिविर का समापन हुआ।

# प्लास्टिक टाइड टर्नर चैंपियन अवार्ड 2025



राजस्थान से एकमात्र रोवर स्काउट राम प्रसाद भास्कर को मिला प्लास्टिक टाइड टर्नर चैंपियन अवार्ड 2025।

श्री भास्कर ने चैंपियनशिप के तहत प्लास्टिक टाइड टर्नर के दौरान प्लास्टिक मुक्त देश बनाने में व प्लास्टिक रीसाइकल कैसे करें और प्लास्टिक वेस्ट को इकट्ठा कर नगर पालिका तक पहुंचा प्लास्टिक टाइड टर्नर की रिपोर्ट सबमिट की और उसके बाद उनका वर्चुअल इंटरव्यू हुआ।

2 जून 2025 राष्ट्रीय युवा शिखर सम्मेलन 2025 का दिल्ली में आयोजित किया गया और परिणाम घोषित करते हुए श्री एम.आर. कार्तिकेय साराभाई (संस्थापक एवं निदेशक, पर्यावरण शिक्षा केंद्र), श्री रवि सिंह (महासचिव एवं सीईओ, डब्ल्यू.डब्ल्यू.एफ.–इंडिया) के द्वारा राम प्रसाद भास्कर को प्लास्टिक टाइट टर्नर चैंपियन अवार्ड 2025 से नवाज़ा गया।

राजस्थान से एकमात्र रोवर स्काउट का चयन हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि MS. DIA MIRZA (Actor, Producer, Eco Investor, UN Secretary General's Advocate for SDGs & UNEP Goodwill Ambassador) थे।

श्री भास्कर को प्लास्टिक टाइट टर्नर चैंपियन अवार्ड 2025 मिलने पर सी. ओ. स्काउट बसंत कुमार लाटा और सचिव सुवालाल कुमावत, प्रभारी कमिश्नर सतीश चंद शर्मा ने बहुत–बहुत बधाई दी।

# क्षमता निर्माण कार्यशाला

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय, नई दिल्ली के तत्वावधान में दिनांक 22 से 26 मई 2025 तक राष्ट्रीय मुख्यालय, नई दिल्ली पर श्री अरूप सरकार, उप निदेशक (अंतर्राष्ट्रीय डेस्क) के नेतृत्व में राज्य मीडिया संवाददाताओं (एसएमसी) और क्षेत्रीय मीडिया संवाददाताओं (आरएमसी) के लिए क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया।



कार्यशाला का उद्घाटन बीएसजी की निदेशक दर्शना पावस्कर ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उद्घाटन समारोह में उप निदेशक, सहायक निदेशक और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। कार्यशाला में 11 राज्यों से कुल 26 एसएमसी और आरएमसी उपस्थित रहे। राजस्थान का प्रतिनिधित्व शुभम शर्मा (जयपुर) और कृष्णा राजपुरोहित (जोधपुर) ने किया।

# यूथ कमेटी बैज भेंट



राजस्थान यूथ कमेटी चेयरमैन श्री उमाकान्त शर्मा द्वारा डिप्टी डायरेक्टर ऑफ स्काउट (लीडर ट्रेनिंग) श्री एस एस राय को राजस्थान यूथ कमेटी (आरवाईसी) बैज भेंट किया गया। चेयरमैन द्वारा उन्हें राज्य में हो रही यूथ गतिविधियों के बारे में बताया गया। उन्होंने एमओपी अवार्ड 2023–24 में नाम आने पर राज्य के सभी स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स, यूनिट लीडर्स, सभी पदाधिकारियों एवं राज्य मुख्यालय को बधाई दी। इस दौरान राज्य से यूनिट लीडर श्री बाबूलाल कुमावत एवं एमओपी लोकल कोऑर्डिनेटर श्री कुलदीप शर्मा मौजूद रहे।



# ग्रीष्मावकाश विशेष कार्यक्रम सम्पन्न

राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड संगठन समूचे राष्ट्र में बालचरों के विकास के उद्देश्य से ग्रीष्मावकाश में विभिन्न साहसिक शिविर, शैक्षिक भ्रमण, रोजगारोन्मुखी अभिरूचि शिविर एवं लघु उद्योग शिविर आयोजित करने की जिम्मेदारी गत कई वर्षों से बखूबी निभाता आ रहा है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी इस श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए स्काउट गाइड संगठन द्वारा विभिन्न योजनाएं संचालित की गई, जिनमें मई–जून में आबू पर्वत स्थित दोनों स्काउट गाइड शिविर केंद्रों पर ग्रीष्मकालीन शिविरों की श्रृंखला में निम्नानुसार विविध शिविरों का आयोजन हुआ, जिनमें 653 स्काउट, गाइड, स्काउटर, गाइडर एवं कमिश्नर्स ने सहभागिता की–

| क्र.सं. | शिविर का नाम | दिनांक | संचालक दल | संभागी | स्टाफ | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्टेट एडवेंचर शिविर | 01 से 05.05.25 | श्री जितेन्द्र भाटी | 71 | 5 | 76 |
| 2 | स्टेट एडवेंचर शिविर | 01 से 07.05.25 | श्री जितेन्द्र भाटी | 52 | 4 | 56 |
| 3 | कब मास्टर एडवांस कोर्स | 18 से 24.05.25 | श्री रामवतार सबलानिया | 8 | 4 | 12 |
| 4 | स्काउट मास्टर एडवांस कोर्स | 18 से 24.05.25 | श्री विनोद दत्त जोशी | 36 | 5 | 41 |
| 5 | स्काउट मास्टर एडवांस कोर्स | 18 से 24.05.25 | श्री भंवर सिंह राठौड | 37 | 5 | 42 |
| 6 | ग्रामीण/स्वतंन्त्र रोवर स्काउट यूनिट लींडर बेसिक कोर्स | 18 से 24.05.25 | डॉ. श्रीराम आर्य | 19 | 5 | 24 |
| 7 | फ्लॉक लीडर एडवांस कोर्स | 26 से 01.06.25 | सुश्री बृजरानी माथुर | 19 | 3 | 22 |
| 8 | गाइड केप्टिन एडवांस कोर्स | 26 से 01.06.25 | श्रीमती उमा कुमावत | 31 | 3 | 34 |
| 9 | गाइड केप्टिन एडवांस कोर्स | 26 से 01.06.25 | श्रीमती अंजना | 34 | 4 | 38 |
| 10 | रेंजर लीडर एडवांस कोर्स | 26 से 01.06.25 | श्रीमती विजय लक्ष्मी | 17 | 3 | 20 |
| 11 | रेंजर लीडर बेसिक कोर्स | 26 से 01.06.25 | श्रीमती निर्मला माथुर | 28 | 3 | 31 |
| 12 | कमिश्नर बेसिक कोर्स | 07 से 11.06.25 | श्री बन्नालाल | 57 | 8 | 65 |
| 13 | सचिव/संयुक्त सचिव प्रशिक्षण शिविर | 13 से 17.06.25 | श्री रामजस लिखाला | 72 | 8 | 80 |
| 14 | स्टेट एडवेंचर शिविर | 18 से 22.06.25 | श्री जितेन्द्र भाटी | 102 | 10 | 112 |
| | **ग्रीष्मावकाश में आबूपर्वत पर आयोजित शिविरों में कुल संभागित्व** | | | **583** | **70** | **653** |

ग्रीष्मावकाश में ही आयोजित होने वाले कौशल विकास प्रशिक्षण शिविरों (अभिरूचि शिविरों) का (सन् 1975 से संचालित) इक्यावन वां सत्र प्रदेश के सभी मण्डल व जिला मुख्यालयों के अलावा सभी स्थानीय संघों व अनेक कस्बों में 17 मई से 22 जून, 2025 तक पर आयोजित किये गये, जिनमें लगभग 10 हजार किशोर व युवा लड़के लड़कियों ने भागीदारी की। ये शिविर प्रातः 7 से 11 बजे तक सम्पन्न हुए। इनमें मध्यान्तर में सभी भागीदार साथ में लाया भोजन का आनन्द इस प्रकार से लेते जैसे प्रतिदिन पिकनिक में शरीक होते हों। सभी संभागियों को मैत्री भाव से चहकते देखना दिल को सुकून देता था। इसी दौरान सभी प्रशिक्षण केन्द्रों पर विश्व तम्बाकू निषेध दिवस व पर्यावरण दिवस का भी आयोजन किया गया व हजारों लोगों को तम्बाकू सेवन न करने की शपथ दिलाई गई। इन शिविर केन्द्रों पर विभिन्न हस्तकलाओं यथा– बिजली के घरेलू उपकरणों की मरम्मत, बिजली फिटिंग, मोबाइल फोन रिपेयरिंग, सिलाई, कढाई, नृत्य, वाद्यवादन, संगीत, मेहंदी मांडना, अल्पना चित्रकारी, टॉप ऑप्ट, साफ्ट ट्वॉयज़ व पॉट मेकिंग के अलावा फूड प्रिजर्वेशन व केनिंग, ब्यूटिशियन, स्केटिंग आदि कलाओं का निःशुल्क प्रशिक्षण कुशल प्रशिक्षकों द्वारा प्रदान किया गया।

इस सब के अलावा स्काउट्स व गाइड्स द्वारा राहगिरों व यात्रियों को प्रचण्ड गर्मी से राहत दिलाने के उद्देश्य से रेल्वे स्टेशनों, बस अड्डों व भीड़–भाड़ वाले स्थानों पर शीतल जल सेवा के कार्यक्रम भी जनसेवा भावना के अन्तर्गत किये गये। जयपुर रेल्वे स्टेशन पर पिछले 54 वर्षों से लगातार यह सेवा ग्रीष्मावकाश में होती रही है। राजस्थान के सभी जिलों में छोटे छोटे कस्बों तक में स्काउट्स व गाइड्स द्वारा भीषण गर्मी में राहत देने के लिए जल सेवा का कार्य पूर्ण उत्साह से किया गया।

स्काउट गाइड संस्था के पांचवे नियम के अनुसार स्काउट्स गाइड्स पशु पक्षी व प्रकृति प्रेमी होते हैं, और इसी भावना का परिचय देते हुए ग्रीष्म ऋतु में स्काउट्स व गाइड्स द्वारा अभियान चला कर पक्षियों के लिए पानी के परिण्डे, दाना डालने हेतु चुग्गापात्र व आवास हेतु घोंसले बना कर विभिन्न स्थानों पर टांगे गए व आस पास में रहने वाले लोगों को इनमें दाना पानी डालने का संकल्प दिलाया गया। कुछ ऐसे निर्जन स्थलों जहां पर इस प्रकार की व्यवस्था नहीं हो सकी वहां स्काउट्स गाइड्स ने स्वयं दाना पानी डालने की जिम्मेदारी ली। स्काउट गाइड संगठन की प्रेरणा व पहल पर सन् 2003 से संचालित परिण्डा व चुग्गा पात्र अभियान परवान चढ़ने लगा है और इससे प्रेरित होकर अन्य सेवाभावी संस्थाएं व पुण्यात्मा नागरिक परिण्डा बंधन की लुप्त होती परम्परा को पुनर्जीवित करने में लगे हैं। स्काउट गाइड व उनके वयस्क लीडर्स की पहल पर राज्य के प्रत्येक विद्यालय एवं उनके घरों पर चुग्गापात्र व परिण्डे लगने के आसार हैं।

**– स्काउट गाइड ज्योति डेस्क**

# आबू में निकाली तंबाकू निषेध चेतना रैली






राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड, राज्य मुख्यालय, जयपुर के तत्वावधान में आयोजित गाइड युनिट लीडर फ्लॉक युनिट लीडर रेंजर युनिट लीडर एडवांस कोर्स एवं बेसिक कोर्स के दौरान 31 मई को ऊँ शांति संस्थान के साथ मिलकर विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। इस उपलक्ष्य पर आर्मी विभाग के डीआईजी एवं शिविर के शिविर संचालक एवं शिवराधिपति इस रैली कार्यक्रम में उपस्थित हुए। रैली के अंतर्गत नशा मुक्ति संबंधित नारे लगाकर पूरे आबू को जागरुक किया गया।

5 जून पर्यावरण दिवस के अवसर पर भी आबूपर्वत पर चल रहे शिविर में समस्त स्काउट्स को पर्यावरण सरंक्षण के प्रति जागरूकता को बनाए रखने का संकल्प दिलवाया। पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण जन चेतना रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

स्काउट्स ने पॉलीथिन एवं कचरा एकत्रित किया और आसपास के दुकानदारों को संकल्प दिलवाया कि प्लास्टिक का उपयोग नहीं करेंगे और कचरे को कचरा पात्र में एकत्रित कर व्यवस्थित स्थान पर ही डालेंगे।

# सहायक लीडर ट्रेनर प्रशिक्षण शिविर



भारत स्काउट व गाइड, राजसमन्द की सी.ओ. गाइड व स्थानीय संघ राजसमन्द की दो गाइडरों ने पचमढी (मध्यप्रदेश) में सहायक लीडर ट्रेनर प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभागिता की। स्थानीय संघ सचिव मुख्यालय राजसमन्द धर्मेन्द्र अनोखा ने बताया कि राजसमन्द जिले की सी.ओ. गाइड अभिलाषा मिश्रा के साथ स्थानीय संघ राजसमन्द की गाइडर उर्मिला पुरोहित शिक्षिका राउमावि देवथडी और गाइडर निर्मला धोबी शिक्षिका राउमावि सुन्दरचा ने राष्ट्रीय स्तर के 67वें सहायक लीडर ट्रेनर प्रशिक्षण शिविर 13 से 19 मई, 2025 तक पचमढ़ी, मध्यप्रदेश में सहभागिता कर प्रशिक्षण प्राप्त किया एवं अपनी योग्यता वृद्धि की।

सी.ओ. गाइड मिश्रा ने बताया कि राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली द्वारा आयोजित सहायक लीडर ट्रेनर प्रशिक्षण शिविर के लिए राजसमन्द से 3 गाइडर का चयन हुआ। शिविर में राजस्थान राज्य से 11 गाइडर और सी.ओ. गाइड ने भाग लिया। प्रशिक्षण शिविर में महाराष्ट्र, ईस्ट सेन्टर रेल्वे, नॉर्थ रेल्वे व राजस्थान की गाइडर द्वारा प्रतिभागिता की गई। प्रशिक्षण शिविर में बीपी 6 व्यायाम, पायनियरिंग, फर्स्ट एड, मेपिंग, अनुमान लगाना, जैसे विषयों पर परिक्षाएं ली गई। साथ ही शिक्षिकाओं को प्रशिक्षण देने के लिए थ्योरी कक्षाएं भी हुईं, जिसमें यह हुनर भी सिखाया गया कि एडल्ट्स को कैसे डील करना है। मनोरंजन के लिये खेल, कैम्प फायर भी किए गए। प्रतिदिन निरीक्षण के माध्यम से इस शिविर में अच्छा ज्ञानार्जन हुआ। प्रशिक्षण शिविर की शिविर संचालिका कुमुद मेहरा ने राजस्थान की सभी गाइडर को अपना अच्छा प्रदर्शन करने के लिये बधाइयां दी। शिविर के प्रशिक्षण दल ने हर प्रकार से सहयोग प्रदान किया।

# 165 वां री-ओरीएन्टेशन कोर्स



भारत स्काउट व गाइड, राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली की स्वीकृति एवं राष्ट्रीय प्रशिक्षण केन्द्र पचमढ़ी (मध्यप्रदेश) के निर्देशानुसार राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड के तत्वावधान में राज्य के लीडर्स एवं सहायक लीडर ट्रेनर्स (स्काउट विभाग) के लिये 27 अप्रेल से 01 मई 2025 तक, स्काउट गाइड मण्डल प्रशिक्षण केन्द्र उदयनिवास, उदयपुर पर री–ओरीएन्टेशन कोर्स का आयोजन किया गया। 165वें री–ओरीएन्टेशन कोर्स शिविर का संचालन एस.एस.रॉय, उपनिदेशक (स्काउट) लीडर ट्रेनर, भारत स्काउट व गाइड राष्ट्रीय प्रशिक्षण केन्द्र पचमढ़ी के निर्देशन में किया गया, जिसमें राजस्थान के 34 संभागियों ने सहभागिता की।

जिला कलक्टर उदयपुर नमित मेहता द्वारा शिविर का अवलोकन कर संभागियों को संबोधित करते हुये कहा कि स्काउटिंग गतिविधियों के माध्यम से बालक–बालिकाओं का चरित्र निर्माण कर उनमें अनुशासन, स्वाबलम्बन, लीडरशिप, साहस, भाईचारा, समाज सेवा के साथ–साथ देशप्रेम जैसे गुणों का विकास कर सुनागरिकता का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। शिविर में महेन्द्र शर्मा, सहायक निदेशक पचमढ़ी, लीडर ट्रेनर एवं पूर्व राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) रघुवीर सिंह शेखावत, राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) पूरण सिंह शेखावत, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) बन्ना लाल ने संभागियों को कब–बुलबुल, स्काउट–गाइड, रोवर–रेंजर, सामुदायिक विकास कार्यक्रमों एवं राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय गतिविधियों की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर शिविर में मनमोहन स्वर्णकार सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) उदयपुर, सुरेन्द्र कुमार पाण्डे सी.ओ. स्काउट उदयपुर, सुनील कुमार सोनी सी.ओ. स्काउट डूंगरपुर ने आवश्यक सहयोग प्रदान किया।

शिविर में चित्तौड़गढ़ जिले से लीडर ट्रेनर स्काउट इन्द्र लाल आमेटा के सहभागिता करने पर प्रमोद कुमार दशोरा मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला मुख्य आयुक्त चित्तौड़गढ़, श्रीमती कल्पना शर्मा, जि.शि.अ. मा.शि. एवं राजेन्द्र कुमार शर्मा, जि.शि.अ. प्रा.शि, चन्द्र शंकर श्रीवास्तव सी.ओ. स्काउट, चतर सिंह राजपूत सहायक लीडर ट्रेनर स्काउट एवं जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट, अखिलेश श्रीवास्तव हैडक्वाटर कमिश्नर, समस्त स्थानीय संघ सचिव व संयुक्त सचिव ने हर्ष व्यक्त कर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की।

# गतिविधि दर्पण

## अजमेर मण्डल

❖ जिला प्रशासन अजमेर के निर्देशन पर वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान कार्यक्रम के तहत भारत स्काउट व गाइड, अजमेर के लगभग 100 स्काउट गाइड रोवर रेंजर ने 14 से 16 जून तक तीन दिवसीय श्रमदान कार्यक्रम के दौरान अजमेर शहर की आनासागर झील को स्वच्छ और सुन्दर बनाने हेतु प्रतिदिन 04 घन्टे श्रमदान किया। श्रीमान् वासुदेव देवनानी विधानसभा अध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य में श्रमदान कार्यक्रम का



शुभारम्भ 14 जून को किया गया। इस अवसर पर केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री श्रीमान् भागीरथ चौधरी, जिला कलक्टर अजमेर श्री लोकबन्धु ने भी श्रमदान करते हुए स्काउट गाइड एवं आमजन का उत्साहवर्द्धन किया। स्काउट गाइड एवं रोवर रेंजर के साथ सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) विनोद दत्त जोशी, सी.ओ. (स्काउट/गाइड) नरेन्द्र कुमार खोरवाल, अनिता तिवारी के अतिरिक्त सचिव स्थानीय संघ, आदर्श नगर महेश चन्द शर्मा, सचिव स्थानीय संघ तोपदड़ा राजेन्द्र सारस्वत, रेंजर लीडर सुश्री नन्दनी डाबले व सुश्री विनिता सांखला ने भी श्रमदान में सहयोग दिया। श्रमदान के दौरान श्रेष्ठ कार्य करने पर भारत स्काउट व गाइड, जिला अजमेर संस्था को विधानसभा अध्यक्ष एवं जिला कलक्टर अजमेर ने प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

❖ विश्व पर्यावरण दिवस 05 जून 2025 को अजमेर शहर के वरूण सागर के किनारे वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान कार्यक्रम का शुभारम्भ केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री श्री भागीरथ चौधरी के मुख्य अतिथ्य में सम्पन्न हुआ। भारत स्काउट व गाइड, अजमेर ने इस अवसर पर जल संरक्षण को लेकर विशाल जन चेतना रैली निकाली, जिसमें शहर के सैकड़ो स्काउट गाइड व रोवर रेंजर ने सी.ओ. (स्काउट/गाइड) नरेन्द्र कुमार खोरवाल एवं अनिता तिवारी के निर्देशन में भाग लिया। रैली में स्काउट गाइड ने बैनर, तख्तियां के साथ माइक द्वारा जल संरक्षण के नारे लगाते हुए वरूण सागर के पास की बस्तियों में जन चेतना जागृत करने का कार्य किया। इस अवसर पर स्काउट गाइड के साथ वरूण



सागर के किनारे स्थित गार्डन में बड़े पेड़ो पर पक्षियों के लिए श्रीमान् भागीरथ चौधरी, केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री, श्री लोकबंधु जिला कलक्टर, अजमेर, वन्दिता राणा, जिला पुलिस अधीक्षक, विनोद दत्त जोशी, सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट), मण्डल मुख्यालय, अजमेर ने परिण्डे व चुग्गा पात्र बांधे व पौधारोपण भी किया। कार्यक्रम में जिला प्रशिक्षण आयुक्त महेश चन्द शर्मा, सहायक जिला कमिश्नर श्रीमती पुष्पा धगैया, गाइडर मिथलेश कुमारी, रोशनदीप श्रीमाली, नन्दनी डाबले, लोकेश कुमार शर्मा एवं मुन्शी खान इत्यादि उपस्थित रहे।

❖ भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय भीलवाड़ा के तत्वावधान में 31 मई को धूम्रपान निषेध दिवस का आयोजन कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर स्थल पी.एम.श्री.रा.बा.उ.मा.वि. बापूनगर, भीलवाड़ा पर किया गया। सी.ओ. स्काउट विनोद कुमार घारू ने बताया कि धूम्रपान निषेध दिवस पर रैली का




आयोजन किया गया। रैली को श्रीमती तारा अहलवालिया अध्यक्ष बाल व महिला समिति जिला भीलवाड़ा के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली में स्काउट, गाइड, रोवर व रेंजर छात्र/छात्राओं द्वारा धूम्रपान से होने वाले दुष्प्रभाव को बताने के लिए निनाद लगाकर लोगो को जागरूक किया। इस अवसर पर निबंध, पोस्टर प्रतियोगिता व शपथ कार्यक्रम भी आयोजित किये गये।

❖ भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय भीलवाड़ा के तत्वावधान में 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर स्थल पी.एम.श्री.रा.बा.उ.मा.वि.



बापूनगर, भीलवाड़ा पर किया गया। सी.ओ. स्काउट विनोद कुमार घारू ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस पर रैली का आयोजन किया गया। रैली को पार्षद महोदय श्री लव कुमार जोशी व प्रधानाचार्य श्री अवधेश कुमार शर्मा पी.एम.श्री.रा.बा.उ. मा.वि. बापूनगर ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली में स्काउट, गाइड, रोवर व रेंजर द्वारा 'स्काउट गाइड ने ठाना है पर्यावरण को शुद्ध बनाना है' के निनाद (नारे) लगाकर बापूनगर वासियों को जागरूक किया। इस अवसर पर निबंध, पोस्टर प्रतियोगिता व शपथ कार्यक्रम भी आयोजित किये गये।

❖ नागौर में 5 जून को जिला पर्यावरण विभाग के नेतृत्व में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत जिला प्रभारी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड, एनसीसी, एनएसएस, पुलिस के द्वारा रन फॉर एनवायरमेंट के अंतर्गत सर्किट हाउस से झडा तालाब होते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय तक 10 मिनट दौड़ लगाई गई। इस समय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं एसडीएम श्रीराम भींचर, खेल



अधिकारी भंवरलाल सियाग, सी.ओ. स्काउट गाइड प्रभारी एम असफाक पँवार, श्रीमती ज्योति महात्मा, प्रधानाचार्य श्री बस्तीराम सांगवा, स्काउट यूनिट लीडर परमेश्वर राम गोदारा, श्रीमती इंदिरा बिश्नोई, सतीश त्रिपाठी, रामनिवास बिश्नोई, दिनेश बिश्नोई ने जिला कौशल विकास एवं प्रशिक्षण शिविर नागौर की प्रशिक्षणार्थियों के साथ में रैली का आयोजन किया। कौशल विकास शिविर गिनाणी में विभिन्न प्रकार के पर्यावरण पोस्टर, निबन्ध लेखन, नारा लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। पर्यावरण एंबसेडर धर्मपाल डोगीवाल, पेंटर इलाही बख्श खिलजी, क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण कार्यालय के अधिकारी मौजूद रहे। तत्पश्चात सभी उपस्थित को अल्पाहार दिया गया।

❖ भारत स्काउट व गाइड, स्थानीय संघ, लाडनूं द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर हाईक एवं रैली का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता विशिष्ट अतिथि मनोज कुमार शर्मा द्वारा की गई। हाईक को सुभाष बॉस स्कूल के संस्थापक भंवर लाल मील, मनोज कुमार शर्मा और गोकुल चंद शर्मा सचिव लाडनूं



स्थानीय संघ ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। संयुक्त सचिव हंस ध्वनि शर्मा ने बताया कि डूंगर बालाजी मंदिर में दर्शन के बाद मंदिर परिसर की सफाई और वृक्षारोपण कर पर्यावरण सुधार का संदेश दिया गया। मंदिर पुजारी श्री नारायण दास जी और जीवन राम बगड़िया ने पर्यावरण के महत्व पर प्रकाश डाला। स्काउट और गाइड ने पर्यावरण के पोस्टर और बैनर से पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए रैली निकाली। इस में कुलदीप सिंह, भंवर राम सिंवर, भैरूं सिंह चरण, मनोज स्वामी, अरिहंत गोलछा और गुनगुन पंवार उपस्थित रहे।

❖ भारत स्काउट व गाइड, स्थानीय संघ, मकराना के तत्वावधान में स्थानीय संघ सचिव श्री रामदेव पारीक के निर्देशन में विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) के अवसर पर विभिन्न जागरूकता एवं जनसेवा कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पर्यावरण जागरूकता रैली से हुई, जिसमें पी.एम.श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मकराना के स्काउट गाइड सहित अन्य स्काउट गाइड ने 'हरियाली है जीवन का आधार', '"पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ"' जैसे नारों के माध्यम से आमजन को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके बाद नगर में वृक्षारोपण किया, पेड़ों को पानी दिया तथा स्थानीय रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को शीतल जल पिलाकर मानवता की मिसाल पेश की गई। इस अवसर पर एसीबीईओ श्री रवि सिंह राठौड़, स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री दुर्गा प्रसाद व्यास,



वरिष्ठ समाजसेवी श्री मेवाराम जूनावा सहित कई सम्मानित अतिथि उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य के लिए प्रेरणा स्रोत बताया। इस दौरान कई विद्यार्थियों ने भी पर्यावरण पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित अतिथियों, स्काउट गाइड व शिक्षकों द्वारा सामूहिक रूप से पौधारोपण किया गया और पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली गई।

## भरतपुर मण्डल

❖ भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, भरतपुर द्वारा पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के तहत अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) गिरिराज प्रसाद गर्ग के अनुसार महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय सिविल लाइन गोपालगढ भरतपुर एवं बाबूराम वेदांत सीनियर सेकेंडरी स्कूल भरतपुर के कौशल विकास अभिरुचि शिविर संभागियों ने जन जागरूकता रैली निकाली। इस अवसर पर सहायक वन संरक्षक भरत लाल वर्मा, विश्व प्रकृति निधि भारत के सदस्य संगीता कुमारी, हेमेंद्र कुमार, अनूप कुमार, संयुक्त सचिव लक्ष्मी गुप्ता, गाइड कैप्टन नीलम महावर, ट्रेनर राजीव मीणा, जल सिंह, चेतन कुमार, विजय सिंह के नेतृत्व में स्काउट गाइड




प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत् विकास थीम पर पर्यावरण चेतना नारे लगाते हुए श्री बिहारी जी मंदिर पहुंचे। जिला स्तरीय पर्यावरण एवं वन सुरक्षा संगोष्ठी में स्काउट गाइड आजीवन सदस्य प्रतिनिधि जगदीश प्रसाद अग्रवाल ने संबोधित किया। जिला सचिव राजेंद्र प्रसाद शर्मा ने पृथ्वी पर मौजूद सभी जीवित प्रजातियाँ चाहे वे सूक्ष्मजीव हों, पौधे हों, जानवर हों या इंसान और उनके आपसी पारिस्थितिक संबंध की जानकारी दी। जैव विविधता, प्रदूषण निवारण संदर्भित नन्हें–मुन्ने बालक बालिकाओं की पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें स्काउट गाइड बालक बालिकाओं ने चित्रों का समावेश करते हुए पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया।

❖ भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, भरतपुर के तत्वावधान में विश्व धूम्रपान निषेध दिवस महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय सिविल लाइन भरतपुर में आयोजित किया गया। सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) गिरिराज




प्रसाद गर्ग के नेतृत्व में ग्रीष्मकालीन कौशल विकास अभिरूचि प्रशिक्षण शिविर के समस्त छात्र–छात्राओं द्वारा धूम्रपान निषेध के लिए एक जन जागरूकता रैली निकाली गई। साथ ही पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्र छात्राओं ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर धूम्रपान निषेध के लिए शपथ ग्रहण की। इस मौके पर सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री गिरिराज प्रसाद गर्ग, सहायक लीडर ट्रेनर स्काउट श्री यादराम सिंह, अनूप कुमार, संयुक्त सचिव लक्ष्मी गुप्ता, गाइड कैप्टन नीलम महावर, ट्रेनर राजीव मीणा, जल सिंह, चेतन कुमार, विजय सिंह एवं स्काउट गाइड व रोवर्स रेंजर्स उपस्थित रहे।

❖ भारत स्काउट व गाइड, मण्डल मुख्यालय, भरतपुर के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत विश्व पर्यावरण दिवस हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। सारस चौराहा भरतपुर से केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान भरतपुर के मुख्य द्वार तक एक जन जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ श्री अनुतोष एडीजे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भरतपुर एवं श्री मानस सिंह डीएफओ केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान भरतपुर द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। श्री मानस सिंह जी द्वारा सभी को विश्व पर्यावरण दिवस पर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शपथ दिलाई गई। केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान के मुख्य द्वार पर सभी स्काउट गाइड व रोवर्स रेंजर्स एवं स्काउटर गाइडर द्वारा प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने के लिए श्रमदान कर किया गया। इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर सहायक राज्य संगठन आयुक्त गिरिराज प्रसाद गर्ग, एसीएफओ भरतलाल, सी.ओ. गाइड श्रीमती कल्पना शर्मा, सी.ओ. स्काउट देवेंद्र कुमार मीना, सहायक लीडर ट्रेनर स्काउट यादराम, स्थानीय संघ सचिव भानू प्रताप सिंह, स्काउटर राजीव मीणा, विनोद कुमार,



जलसिंह, अनुप कुमार, प्रेम प्रकाश, गौरव सैनी गाइडर लक्ष्मी गुप्ता, नीलम महावर आदि उपस्थित रहे।

❖ भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, करौली के तत्वावधान में विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसको पुरानी नगर पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गोपाल लाल मीणा एवं जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक शिक्षा इंद्रेश तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सी.ओ. स्काउट अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि आतंकवादियों द्वारा 22 अप्रैल को पहलगाम में निर्दोष व्यक्तियों पर धर्म पूछ कर किए गए हमले का भारतीय सैन्य बल ने करारा जवाब दिया। सेना के मनोबल को बढ़ाने के लिए एवं आतंकवादी देश पर विजय का उल्लास मनाने की दृष्टि से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा पुरानी नगर पालिका से



प्रारंभ होकर सदर बाजार अनाज मंडी वजीरपुर गेट होती हुई कलेक्ट्री पहुंची कलेक्ट्री से गणेश गेट होते हुए मदन मोहन जी मंदिर पर संपन्न हुई। इस दौरान स्काउट गाइड अपने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय वंदे मातरम दूध मांगोगे तो खीर देंगे कश्मीर मांगोगे तो चीर देंगे आदि नारे लगाते हुए चल रहे थे। रैली का नेतृत्व सहायक शिविर संचालक सुरेश चंद शर्मा, प्रधानाचार्य रामदुलारी शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान खेड़ा डॉक्टर ज्योति शर्मा ने किया।

❖ भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, करौली के तत्वावधान में जिला स्काउट गाइड भवन में आयोजित किये जा रहे डीएलएड स्काउट गाइड ग्रुप बालक बालिकाओं को नशा उन्मूलन एवं जल संरक्षण हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सी.ओ. स्काउट अनिल कुमार गुप्ता ने बताया की 14 से 20 मई 2025 तक आयोजित किए जा रहे सात दिवसीय आवासीय ग्रुप शिविर में शिविरार्थी बालिकाओ को नशे से दूर रहने एवं जल संरक्षण करने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य निबंध पोस्टर भाषण नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शिविरार्थी बालिकाओं ने निबंध प्रतियोगिता में कलम के माध्यम से सीट पर अपने विचार व्यक्त किया जबकि पोस्टर प्रतियोगिता में रंगों के माध्यम से अपने उद्गार कागज पर उकेरे। शिविर प्रशिक्षक सुरेश चंद शर्मा ने बताया की निबंध पोस्टर भाषण नारा लेखन प्रतियोगिता में 74 बालिकाओं ने भाग लिया एवं इस अवसर पर



उन्होंने अपने मित्रों परिजनों पड़ोसियों गांव वासियों को नशा उन्मूलन एवं बूंद बूंद पानी के संरक्षण करने हेतु प्रेरित करने का अपना संकल्प व्यक्त किया।

❖ भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, करौली के तत्वावधान में राजकीय बापू उच्च प्राथमिक विद्यालय सदर बाजार करौली में आयोजित किया जा रहे ग्रीष्मकालीन अभिरुचि एवं कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर पर महाराणा प्रताप जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए सी.ओ. स्काउट अनिल कुमार गुप्ता ने बताया की महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर अभिरुचि केंद्र पर बालक बालिकाओं में महान योद्धा महाराणा प्रताप के बारे में जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से अनेक कार्यक्रम आयोजित किए, जिसमें पोस्टर भाषण निबंध आदि प्रतियोगिताओं के साथ–साथ संगोष्ठियों का आयोजन किया



गया। बालक बालिकाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। राजकीय बापू उच्च प्राथमिक विद्यालय में महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर पोस्टर एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई भाषण प्रतियोगिता में महाराणा प्रताप के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया।

❖ भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, करौली के तत्वावधान में राजकीय बापू उच्च प्राथमिक विद्यालय में बालक बालिका एवं महिलाओं को तंबाकू का उपयोग नहीं करने एवं उसके दुष्परिणाम के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सी.ओ. स्काउट अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर बालक बालिका एवं महिलाओं में तंबाकू के



दुष्परिणाम के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने की दृष्टि से निबंध पोस्टर एवं नारा लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रशिक्षणार्थी बालक बालिकाओं ने लेखनी के माध्यम से एवं रंगों के माध्यम से अपने विचारों को कागज पर उकेरा एवं तंबाकू से शरीर के विभिन्न अंगों को होने वाले नुकसान को दर्शाया। इस अवसर पर व्याख्याता पुष्पेंद्र कुमार गुप्ता, नृत्य प्रशिक्षक साक्षी शर्मा, सानिध्या शर्मा, मेहंदी प्रशिक्षक वैष्णवी, सिलाई प्रशिक्षक इशरत, लड़कों का नृत्य प्रशिक्षक हर्ष गोस्वामी उपस्थित थे।

❖ भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, करौली के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शहर के विभिन्न स्थानों से जल संरक्षण जन जागरूकता रैली एवं शाही कुंड पर श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सी.ओ. स्काउट अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड, जिला मुख्यालय, करौली के तत्वावधान में करौली के पांच विद्यालयो में आयोजित किए जा रहे हैं अभिरुचि केंद्र से जल संरक्षण जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। राजकीय बापू उच्च प्राथमिक विद्यालय करौली से नृत्य



प्रशिक्षक सानिध्या शर्मा एवं मेहंदी प्रशिक्षण वैष्णवी के नेतृत्व में फूटा कोट से वजीरपुर गेट होते हुए सर्किट हाउस तक रैली निकल गई। डीएस पब्लिक स्कूल मीना कॉलोनी से जल संरक्षण जन जागरूकता रैली स्काउट मास्टर गणेश चंद्र शर्मा एवं दीनदयाल सिंह के नेतृत्व में आयोजित की गई। मोंटेसरी किड्स एकेडमी इंग्लिश मीडियम स्कूल से रैली पांडे कुआं से प्रारंभ होकर स्टेडियम के सामने होते हुए सर्किट हाउस पहुंची जिसका नेतृत्व राष्ट्रपति रोवर देवेंद्र कुमार ओझा, मानसी शर्मा, अनीता शर्मा ने किया। माधव स्कूल गुलाब बाग करौली से अभिरुचि केंद्र के बालक बालिकाओं ने शिविर संचालक कमलेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में रैली का आयोजन किया। स्काउट गाइड रोवर रेंजर ने शाही कुंड पर पहुंचकर मुख्यमंत्री महोदय के निर्देशानुसार आरती कर सेवा कार्य किया। श्रमदान कार्य के संचालक बृज किशोर शर्मा के अनुसार शाही कुंड में पड़े हुए बड़े–बड़े पत्थर पॉलीथीन कचरा एवं मिट्टी को निकाल कर स्काउट गाइड बालक बालिकाओं ने बाहर फेंक और पानी के महत्व को समझते हुए श्रमदान कार्य किया। इस दौरान स्थानीय संघ करौली के सचिव मुकेश कुमार सारस्वत स्काउट मास्टर गणेश चंद्र शर्मा, दीनदयाल सिंह, निर्मल चंद शर्मा, शशिकांत कुंभज, राज्य पुरस्कार रोवर अभिषेक शर्मा, राज्य पुरस्कार रेंजर आरती माली एवं बड़ी संख्या में अभिरुचि केंद्र के स्काउट गाइड बालक बालिकाएं उपस्थित थे।

❖ जिला कलक्टर करौली की अध्यक्षता में राजस्थान सरकार के निर्देशन में आयोजित हो रहे वन्दे गंगा जल सरंक्षण जन अभियान के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रमों का प्रारंभ विश्व पर्यावरण दिवस एवं गंगा दशहरा पर्व 5 जून को प्रातः प्रभात फेरी के साथ किया गया। कार्यक्रम के अवसर पर सर्वप्रथम प्रातः सर्किट हाउस परिसर करौली से उपखंड अधिकारी प्रेमराज मीणा एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गोपाल प्रसाद मीणा द्वारा हरी झंडी दिखाकर प्रभात फेरी को रवाना किया गया। उक्त प्रभात फेरी में राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड व अन्य छात्र छात्राओं की टोली, राजकीय एवं निजी




विद्यालयों के अनेक विद्यार्थियों के साथ नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी शरद त्रिपाठी, जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक पुष्पेंद्र कुमार शर्मा, उपजिला शिक्षा अधिकारी शारीरिक शिक्षा मानसिंह मीणा, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से आरपी अमर सिंह गुर्जर, आरपी हरकेश मीणा, सी. ओ. राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड अनिल कुमार गुप्ता के साथ अन्य विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा आम जन द्वारा हाथों में जागरूकता संदेश की तख्तियां एवं जल संरक्षण के नारों की उद्घोषणा के साथ पैदल मार्च किया एवं आम जन मानस को जल संरक्षण जागरूकता संदेश देते हुए जिला कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंचे। जहां जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक पुष्पेंद्र कुमार शर्मा, स्काउट सी.ओ. अनिल कुमार गुप्ता, एवं व्याख्याता अमित कुमार शर्मा द्वारा जल संरक्षण के संदर्भ में उद्बोधन दिया तथा वंदे गंगा कार्यक्रम का परिचय

प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गोपाल प्रसाद मीणा द्वारा सभी को जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

## बीकानेर मण्डल

❖ भारत स्काउट व गाइड, मंडल मुख्यालय, बीकानेर के तत्वावधान में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्थानीय संघ मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेन्द्र कुमार शर्मा ने की। समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार एवं राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड के सहा. स्टेट कमिश्नर राजेन्द्र जोशी थे, तथा विशिष्ट अतिथि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुखराज साध रहे। कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर समन्वय एवं प्राचार्य पिंकी शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सहायक स्टेट कमिश्नर स्काउट राजेन्द्र जोशी ने



संभागियों को कहा कि तंबाकू सामाजिक जीवन में बड़ी चुनौती है, समाज के हर अंग को आगे बढ़कर तंबाकू सेवन न करने के लिए संकल्पित होना चाहिए। विशिष्ट अतिथि डॉ पुखराज साध ने कहा कि कैंसर का मुख्य कारक तंबाकू है। अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि हर विद्यार्थी को यह शपथ लेनी चाहिए कि वह अपने जीवन में तंबाकू से बने पदार्थ का उत्पादों का सेवन नहीं करेगा। इस अवसर पर संभागियों द्वारा तंबाकू निषेध विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया एवं बने हुए पोस्टर की प्रदर्शनी लगाई गई। भाषण, नृत्य और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बच्चों ने तंबाकू सेवन से बचने का संदेश दिया। सी.ओ. स्काउट जसवंतसिंह राजपुरोहित ने बताया कि भारत स्काउट व गाइड द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शिवबाड़ी एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भीनासर पर भी कौशल विकास प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है तथा इन प्रशिक्षण केन्द्रों पर भी तंबाकू निषेध दिवस का आयोजन किया गया।

❖ भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, झुंझुनू के तत्वावधान में विश्व जैव विविधता दिवस का आयोजन जिला कलक्टर रामावतार मीणा के मुख्य आतिथ्य, उपवन संरक्षक यू.आर.




सियोल की अध्यक्षता तथा एडवोकेट दिनेश कुमार के विशिष्ट आतिथ्य में अभिरुचि शिविर श्री जी.बी.मोदी पब्लिक स्कूल में किया गया। सी.ओ. स्काउट महेश कालावत ने बताया कि इस अवसर पर पर्यावरण जागरूकता हेतु विद्यार्थियों के लिए निबंध, भाषण, पोस्टर एवं मुखौटा बनाओ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को जिला कलक्टर ने स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला कलक्टर ने विद्यालय परिसर में पक्षियों के लिए परिंडा लगाकर तथा पौधारोपण कर जैव विविधता संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान उपवन संरक्षक ने स्काउट गाइड द्वारा पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे योगदान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसा आयोजनों से बालक बालिकाओं एवं आम जन में जागरूकता बढ़ती है और पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोग प्रेरित होते हैं। राजपूताना शिक्षा समिति के सचिव एडवोकेट दिनेश कुमार ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया। प्रधानाचार्य रंजना मित्तल ने शिविर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा सी.ओ. गाइड सुभीता महला ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम में सी.ओ. गाइड सुभीता महला, गाइड कैप्टन सुनीता बेनीवाल, विजेता कुमारी, पिंकी धायल, गीता सैनी, वंदना, जसवंत सिंह मीणा, समदर लाल सैनी, रामचंद्र मीणा, राजेश कुमार, दिनेश कुमार सहित विद्यालय के छात्र–छात्राएं एवं अभिरुचि शिविर के शिविरार्थी उपस्थित रहे।

## जयपुर मण्डल

❖ भारत स्काउट व गाइड, जयपुर द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन कौशल विकास शिविर का समापन समारोह 20 जून को



बनीपार्क स्थित मंडल मुख्यालय में हुआ। स्टेट कमिश्नर डॉ. अखिल शुक्ला की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में बनीपार्क पार्षद रवि प्रकाश सैनी विशिष्ट अतिथि रहे। मंडल मुख्यालय जयपुर के सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) दामोदर प्रसाद शर्मा, सहायक राज्य संगठन आयुक्त (गाइड) नीता शर्मा ने इस समारोह में प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन सी.ओ. स्काउट शरद शर्मा द्वारा किया गया। शिविर संचालिका सी.ओ. गाइड ऋतु शर्मा ने बताया कि 17 मई से संचालित इस शिविर में सभी संभागियों द्वारा समापन समारोह के कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर सहभागिता की गई। शिविर में संभागियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। शिविर में प्रशिक्षण प्रदान कर रहे प्रशिक्षक दल का परिचय इंदु तंवर द्वारा दिया गया। प्रशिक्षक प्रेमचंद सैनी (पीटीआई अचरोल), प्रेमचंद सैनी (पीटीआई गणपति नगर), आशा शर्मा, मदनलाल गुप्ता, प्यारेलाल महला, कपिल, गिरिराज सेन, पिंकी, निशा, विनायक जोशी, सुनील, दुर्गा, पूजा, ममता वर्मा आदि द्वारा विभिन्न विषयों में प्रशिक्षण प्रदान कर बच्चों को दक्षता प्रदान की गई। राष्ट्रगान के साथ शिविर का समापन हुआ।

❖ भारत स्काउट व गाइड, मंडल मुख्यालय, जयपुर एवं सेंटर फॉर एनवायरमेंट एजुकेशन के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया। ऋतु शर्मा सी.ओ. गाइड जयपुर ने बताया कि सप्ताह पर्यंत अंतरराष्ट्रीय थीम 'बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन ग्लोबली' विषय पर विभिन्न कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं यथा थैला निर्माण, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, बुकमार्क मेकिंग, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन, आदि का आयोजन किया गया। राजस्थान पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड एवं वन विभाग द्वारा आयोजित रन फॉर एनवायरमेंट में भी बच्चों ने भाग लिया और प्लास्टिक के कम उपयोग हेतु मैसेज दिया।



प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन हेतु पुरस्कार वितरण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में डॉ. अखिल शुक्ला स्टेट कमिश्नर हैडक्वाटर, श्री आशीष श्रीवास्तव एडीएम जयपुर, श्री रवि सैनी पार्षद बनीपार्क कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। बच्चों एवं स्थानीय निवासियों ने प्लास्टिक उन्मूलन एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु जानकारी दी तथा आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने हेतु उत्साहित किया। कार्यक्रम में 300 संभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में श्री दामोदर प्रसाद शर्मा, ए.एस. ओ.सी स्काउट, श्रीमती नीता शर्मा ए.एस.ओ.सी गाइड, श्री शरद शर्मा, सी.ओ स्काउट, श्रीमती इंदु तंवर, सी.ओ गाइड, प्रियंका सीईई जयपुर आदि ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन श्री प्यारेलाल महला द्वारा किया गया।

❖ भारत स्काउट गाइड मंडल मुख्यालय बनी पार्क जयपुर पर आयोजित अभिरुचि शिविर में 31 मई को 'विश्व तंबाकू निषेध दिवस' पर विशेष कार्यक्रम काआयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इनमें भाषण, निबंध लेखन, पोस्टर बनाना और गीत प्रतियोगिताएं शामिल थीं। सी.ओ. गाइड ऋतु शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राज्य सचिव श्री पी.सी. जैन द्वारा जन चेतना रैली को हरी झंडी दिखाकर बनीपार्क मुख्यालय से कलेक्ट्रेट सर्कल हेतु रवाना किया गया। शिविर के समस्त संभागियों द्वारा शपथ ग्रहण का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जिसमें सभी शिविरार्थियों द्वारा तंबाकू उत्पादन का उपयोग न करने व



कम से कम 10 लोगों को इसका उपयोग न करने हेतु प्रेरित करने की शपथ ली गई। सहायक राज्य संगठन आयुक्त दामोदर शर्मा द्वारा बच्चों को तंबाकू उपयोग से होने वाले नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अस्थमा केयर सोसाइटी से धर्मवीर कटेवा ने उक्त कार्यक्रम व शपथ ग्रहण में बच्चों को तंबाकू उत्पाद पर रोक लगाने हेतु जागरूक किया। सी.ओ. गाइड इन्दू तंवर व सी.ओ. स्काउट श्री शरद शर्मा उक्त कार्यक्रम में उपस्थित रहे। अभिरुचि शिविर का संचालन कर रहे प्यारेलाल महला, मदनलाल गुप्ता, श्रीमती आशा व विभिन्न विषयों के प्रशिक्षक प्रेमचंद सैनी तैराकी, प्रेमचंद सैनी स्केटिंग, नेचुरोपैथी में योग के शिक्षक गिर्राज प्रसाद सेन, अंग्रेजी विषय के प्रशिक्षक सुनील, मेहंदी की प्रशिक्षक पिंकी, डांस के प्रशिक्षक कपिल व खनक, सिलाई की प्रशिक्षक ममता, ब्यूटीशियन की प्रशिक्षक निशा सैनी, जूडो के प्रशिक्षक रोहन, ड्राइंग की प्रशिक्षक दुर्गा आदि समस्त ने कार्यक्रम में बच्चों की सहभागिता करवाने में सहयोग प्रदान किया।

❖ भारत स्काउट व गाइड, स्थानीय संघ चौमू के तत्वावधान में संचालित जल सेवा केन्द्र पर स्थानीय स्काउट गाइड ने राहगिरों को पानी पिलाने के पुण्य कार्य में सहयोग किया। जयपुर की सहायक राज्य संगठन आयुक्त श्रीमती नीता शर्मा



ने जल सेवा केन्द्र की विज़िट कर जल सेवा की और स्काउट गाइड को इस सेवा कार्य की बधाई व शुभकामनाएं अर्पित की। इस अवसर पर स्थानीय संघ सचिव प्रताप सोनी व सी.ओ. स्काउट शरद शर्मा भी उपस्थित रहे।

❖ भारत स्काउट व गाइड, स्थानीय संघ चौमू के तत्वावधान में रावला चौक स्थित विद्यालय में ग्रीष्मकालीन कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र का संचालन किया गया। केन्द्र पर बालक



बालिकाओं को अनेक रोजगारोन्मुखी कार्य सिखाए गए। स्थानीय विधायक डॉ. शिखा मील एवं सहायक राज्य संगठन आयुक्त, जयपुर श्रीमती नीता शर्मा ने केन्द्र की विज़िट कर स्काउट गाइड को सिखाए जा रहे कौशल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर स्थानीय संघ सचिव प्रताप सोनी ने सिखाए जा रहे विषयों एवं हस्त कौशल से अवगत कराया।

❖ भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, अलवर के तत्वावधान में 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया गया। एमजीजीएस नेशनल स्कूल में अभिरुचि शिविर



के दौरान पर्यावरण दिवस का आयोजन कर विभिन्न प्रतियोगिताएं की गई, जिसमें पोस्टर, मेहंदी, भाषण, एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बालक बालिकाओं के द्वारा पौधारोपण किया गया। शिविर संचालक राजेन्द्र मीणा ने बताया की भीषण गर्मी को देखते हुए पौधारोपण के साथ–साथ रेलवे स्टेशन पर राहगीरों को पानी पिलाने का कार्य भी स्काउट गाइड द्वारा किया जा रहा है। भामाशाहों के माध्यम से एवं अन्य जनसहयोग द्वारा यह निरंतर चलता रहेगा। स्थानीय संघ सचिव अनूप शर्मा, सुरेश, मंजु एवं स्थानीय विद्यालय की प्रधानाध्यापक द्वारा बालकों को अल्पाहार वितरण किया गया।

❖ भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, सीकर एवं पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार के पर्यावरण शिक्षा कार्यक्रम के तहत 1 से 7 जून तक पर्यावरण सप्ताह का



आयोजन किया गया। लगातार सात दिन तक अनेक पर्यावरण जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें भाषण, निबंध, पोस्टर, जन चेतना के लिए प्रभात फेरी, मैराथन दौड़, साइकिल रैली, कागज की थैलियां बनाना, कपड़े के थैले बनाना, मटको पर पेंटिंग, घोसला लगाना, परिंडे सजाना, परिंडे बनाना सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में वेस्ट ऑफ वेस्ट सामग्री बनाने का कार्य भी किया गया, जिसमें बालक बालिकाओं ने पड़ी बेकार वस्तुओं से एक से बढ़कर एक उपयोगी वस्तु बनाई। प्रतियोगिताओं में विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

❖ भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, सीकर के तत्वावधान में रक्तदाता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंजू यादव प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक



विद्यालय किशनपुरा ने की। महेंद्र कुमार पारीक सचिव स्थानीय संघ सीकर ने इस अवसर पर रक्तदान करने से होने वाले लाभ बताएं। स्काउट मास्टर मनोहर लाल ने श्वेत रुधिर कणिकाएं एवं लाल रुधिर कणिकाओं के बारे में बताया। दीनदयाल शर्मा व्याख्याता ने रक्त देने की उम्र एवं बच्चों को इसके लिए प्रचार प्रसार हेतु आह्वान किया। इस अवसर पर पवन कुमार, बजरंग लाल, मोहन लता, मानसी माथुर, रेखा शर्मा, बबीता शर्मा, विनोद ऐचरा सहित स्काउट गाइड के सदस्य उपस्थित रहे।

- ❖ पीएम श्री राधा कृष्ण मारू राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सीकर के 100 से अधिक स्काउट गाइड रोवर रेंजर्स व स्काउट गाइड पदाधिकारी ने 'करो योग रहो निरोग' की



जन चेतना रैली का आयोजन किया। रैली पुलिया, कलेक्ट्रेट, कल्याण सर्किल होते हुए श्री कल्याण स्कूल मैदान पर पहुंची। वहां पर जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम में भाग लिया। वहां से वापस विभिन्न मार्गो से होते हुए मारू स्कूल पहुंच कर रैली का समापन किया गया।

- ❖ भारत स्काउट व गाइड, स्थानीय संघ सीकर के सहायक सचिव देवीलाल जाट के जन्मदिन के शुभ अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन पिपराली रोड स्थित भारत होम्योपैथिक




हॉस्पिटल पर किया गया। शिविर में अनेक रोगों का इलाज डॉ. हितेश चाहर (होम्योपैथिक विशेषज्ञ) द्वारा किया गया। शिविर में 51 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस अवसर पर कस्तूरबा सेवा संस्थान के बच्चों को फल वितरण किया गया व कामधेनु गौशाला में गायों को गुड़ खिलाया गया। इस अवसर



पर सी.ओ. बसन्त लाटा, सचिव महेंद्र पारीक व स्काउट मास्टर मनोहर लाल ने देवीलाल जाट को बधाई दी। देवीलाल जाट ने प्रतिवर्ष अपने जन्मदिन को रक्तदान दिवस के रूप में मनाने का संकल्प लिया।

- ❖ भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, सीकर के तत्वावधान में विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी अजीत कुमार शर्मा का स्वागत स्कार्फ पहना कर सी.ओ. बसंत कुमार लाटा ने किया। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। बालिकाओं द्वारा अतुल दाधीच के नेतृत्व में मत पियो सा बोल के साथ नृत्य प्रस्तुत किया गया। संभागियों के द्वारा भाषण प्रस्तुत किए गए। मुख्य वक्ता डॉ. अजीत शर्मा ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सभी को परिवार, समाज से धूम्रपान को दूर करने के लिए प्रेरित किया एवं सभी को इससे दूर रहते हुए समाज में फैले धूम्रपान व नशे को दूर करने का आह्वान किया। संभागियो ने महेंद्र कुमार पारीक के नेतृत्व में धुआं मना उड़ावे रे बोल के साथ गायन प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य दिनेश पुरोहित ने धूम्रपान निषेध हेतु शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान रेखा शर्मा, बबीता शर्मा, मनोहर लाल, पवन कुमार, बजरंग लाल, डॉ.निकिता ढाका, दीनदयाल शर्मा, देवीलाल, मोहन लता, दिनेश सैनी, मोहनलाल सुखाड़िया, चेतन मिश्रा, अतुल दाधीच, अनिल कुमार, लखन बावरिया सहित सैकड़ो अभिभावक व स्काउट रोवर एवं अन्य छात्राएं उपस्थित रहे।

## जोधपुर मण्डल

- ❖ भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, सिरोही द्वारा कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर में विश्व धूम्रपान निषेध दिवस समारोह



पूर्वक मनाया गया, जिसके मुख्य अतिथि डॉ. जयप्रकाश कुमावत मनोरोग चिकित्सक थे। डॉ. जय प्रकाश कुमावत ने कहा कि युवाओं को कभी भी नशा नहीं करना चाहिए और नशा करने वाले व्यक्तियों को विभिन्न प्रकार की बीमारिया हो जाती हैं और उनका पूरा परिवार बर्बाद हो जाता है। सी.ओ. स्काउट एम.आर. वर्मा ने कहा कि युवाओं को किसी भी प्रकार का नशा नहीं करना चाहिए। जो युवा नशा करते हैं उनसे दूर रहना चाहिए। गोपाल सिंह राव स्काउटर ने उपस्थित छात्र छात्राओं को भविष्य में नशा न करने की शपथ दिलाई और राजेंद्र सिंह नरुका योगाचार्य ने भी नशा न करने पर अपने विचार व्यक्त किए। तोला राम फाचरिया ने सभी का आभार व्यक्त किया। सुश्री सिवानी चौहान नृत्य प्रशिक्षक द्वारा तैयार किया गया मत पिओ सा छैल तमाखूडी नृत्य के माध्यम से नशा नहीं करने के लिए छात्र छात्राओं को जागृत किया। तत्पश्चात छात्र छात्राओं की नशा मुक्ति पर निबंध और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में दीपशिखा प्रथम, राजा प्रीत सिंह द्वितीय और छवि कुमारी तृतीय स्थान पर रही। निबंध प्रतियोगिता में दीपिका बामणिया प्रथम, निशा पवार द्वितीय और आरती पटेल तृतीय स्थान पर रही।

❖ भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, सिरोही द्वारा आयोजित 38 दिवसीय ग्रीष्मकालीन कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय विशिष्ट पूर्व बाल मंदिर सिरोही में आयोजित किया गया, जिसका 23 जून को समारोह पूर्वक समापन किया गया। समापन समारोह के मुख्य



अतिथि लुम्बाराम चौधरी सांसद सिरोही जालौर थे। अध्यक्षता गोपाल माली जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा ने की एवं विशिष्ट अतिथि गणपतसिंह देवडा पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी, चिराग रावल नगर अध्यक्ष भाजपा सिरोही एवं हेमलता पुरोहित रहे। मुख्य अतिथि लुम्बाराम राम चौधरी ने कहा कि ग्रीष्मकालीन कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर में जिन छात्र छात्राओं ने जो कौशल एवं कला सीखी है उसको अपने जीवन में उतारें। उन्होने कहा कि मैं स्काउट गाइड संगठन को हर समय सहयोग देने का आश्वासन देता हूं। प्रारंभ में सी.ओ. स्काउट एम.आर. वर्मा ने कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत कर जिले में आयोजित भारत स्काउट गाइड की गतिविधियों से विस्तार से अवगत कराया। कौशल विकास शिविर में सिखायी गई विभिन्न कलाओं की प्रदर्शनी लगायी गई जिसका अतिथियों ने उद्घाटन कर अवलोकन किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट किए। अंत में कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण देने वाले और शिक्षकों को भी प्रमाण पत्र और मोमेंटो भेंट किए। इस अवसर पर भीक सिंह भाटी, तोला राम फाचरिया, वेला राम देवासी, किरण कुमार व्यास, गोपाल सिंह राव, इन्द्रा खत्री, श्रीमति शर्मिला डाबी, श्रीमती गिरा देवी, शिवानी चौहान, हिना वैष्णव, जान्हवी कलावंत, मानसी कलावंत, दिनेश खंडेलवाल, मनसा राम मेघवाल सचिव स्थानीय संघ सिरोही, कालू सिंह देवड़ा, डॉ. रमेश चंद्र आगलेचा, जोगाराम सोलंकी, प्रताप राम प्रजापत, देवेन्द्र कुमार गर्ग, मोहित, जीतेंद्र कुमार, कीर्ति पर्वत गोस्वामी एवं अन्य छात्र छात्राएँ स्काउट गाइड और अभिभावक उपस्थित थे। विद्यालय परिसर में सांसद ने पौधारोपण भी किया।

## कोटा मण्डल

❖ भारत स्काउट व गाइड, जिला कोटा द्वारा 21 जून 2025 को विश्व योग दिवस के अवसर पर श्रीनाथपुरम स्टेडियम, किशोर सागर तालाब कोटा, छत्र विलास बाग कोटा, एवं कला कौशल प्रशिक्षण शिविर के 05 केंद्रों पर जिले के सभी स्काउट गाइड रोवर रेंजर यूनिट लीडर प्रभारी ने संभागियों के साथ योग



किया। इस अवसर पर दिलीप कुमार माथुर सहायक राज्य संगठन आयुक्त कोटा, प्रकाश जायसवाल प्रधान भारत स्काउट गाइड जिला कोटा, बृज सुन्दर मीना सी.ओ. स्काउट कोटा, स्काउट सचिव कनवास  नरेश चित्तौड़ा एवं स्काउट गाइड रोवर रेंजर यूनिट लीडर प्रभारी ने योग दिवस पर केक काटकर सेलिब्रेट किया एवं एक पौधा 21 जून 2025 को विश्व योग दिवस पर लगाकर सभी को स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्थानीय संघ कोटा दक्षिण के स्काउट गाइड रोवर रेंजर उपस्थित रहे।

❖ शिक्षा मंत्री राजस्थान सरकार श्रीमान मदन दिलावर के 66 वें जन्मदिन पर भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। सी.ओ. स्काउट बृजसुंदर मीणा ने बताया कि जन्मदिवस के अवसर पर जिला कोटा के स्काउट



यूनिट लीडर, रोवर रेंजर, स्काउट, गाइड, कब बुलबुल ने शिविर में सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर स्काउटर स्काउट यूनिट लीडर रोवर रेंजर द्वारा 50 यूनिट रक्त दान किया गया। बृजसुंदर मीणा और सी.ओ. गाइड प्रीति के नेतृत्व में राजस्थान भारत स्काउट एवं गाइड संघ रामगंजमंडी सचिव श्री दयाल सिंह राठौड़, कोटा सचिव राज सिंह और उपसचिव श्री हरि ओम कुम्हार सहित अनेकों स्काउट रोवर रेंजर्स ने भाग लिया और सेवाएं दी।

❖ भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, बारां द्वारा संचालित कौशल विकास प्रशिक्षण शिविरों में विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। जिला स्तर पर मृदुल भवन में प्रातः कालीन सत्र में पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उसके उपरांत एलन एकेडमी में संचालित कौशल विकास शिविर में एक भव्य रैली का आयोजन किया गया, जिसमें बालक बालिकाओं द्वारा आम जनता को नशा नहीं करने का संदेश दिया। महात्मा गांधी विद्यालय पुराना अस्पताल में श्याम



मेहता अध्यक्ष शिक्षक संघ राष्ट्रीय के मुख्य आथित्य में एवं सी. ओ. स्काउट प्रदीप चित्तौड़ा की अध्यक्षता में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में प्रदीप चित्तौड़ा ने बताया कि स्काउट गाइड के माध्यम से इस वर्ष सभी ब्लॉक स्तर पर नशा मुक्ति का विशेष अभियान चलाकर आमजन को नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताने का कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्याम मेहता ने सभी बालक बालिकाओं को स्वयं एवं अपने परिवार आस पड़ोस में नशा नहीं करने एवं नशा छुड़ाने का संकल्प दिलाया। जिला हैडक्वार्टर कमिश्नर भेरूलाल वर्मा ने गीत के माध्यम से नशा मुक्ति का संदेश प्रदान किया। कार्यक्रम में सी.ओ. गाइड सुनीता मीणा ने नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताते हुए सभी को लाल मंजन भी नहीं करने का संदेश प्रदान किया। कार्यक्रम में स्काउट मास्टर शकील खान, रोवर लीडर महेश सेन, धीरज नगर, ईश्वरी लाल यादव, गिरिराज नागर, शशिकांत यादव, सुनीता सेन, कमलेश मीणा, लक्ष्य गोयल आदि ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

❖ भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, बारां के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एनवायरमेंट एजुकेशन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः कालीन सत्र में बालक बालिकाओं द्वारा मुख्य जिला आयुक्त गेंदालाल रेगर के सान्निध्य में कोटा रोड पर स्थित मृदुल भवन पर रंगोली बनाकर वंदे गंगाजल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत सक्रिय भागीदारी निभाते हुए रंगोली बनाकर जन जागरण को संदेश प्रदान किया। मनिहारा महादेव के तालाब पर श्रमदान कर स्काउट गाइड ने पर्यावरण दिवस पर जल संरक्षण का संदेश प्रदान किया। राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय पुराना अस्पताल में समारोह का आयोजन किया गया। वहां पर पर्यावरण पखवाड़ा के अंतर्गत



पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले स्काउट गाइड का जिला मुख्य आयुक्त गेंदालाल रेगर एवं जिला कमिश्नर गाइड मधुबाला जैन ने सम्मानित कर हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर सी.ओ. स्काउट प्रदीप चित्तौड़ा ने बताया कि स्काउट गाइड द्वारा एनवायरमेंट एजुकेशन कार्यक्रम के तहत पर्यावरण संरक्षण के साथ–साथ जल संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर अंकुश जैसे कार्यक्रमों में पूरे वर्ष ब्लॉक स्तर पर गांव गांव ढाणी ढाणी में जन जागरण कर इसके लिए कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में शकील खान, शशिकांत, उमेश गाडोलिया, धीरज नगर, गिरिराज नागर, ब्रज गोविंद टेलर, हेमराज बेरवा, पवन मेहरा, महेश सेन, कमलेश मीणा, दिनेश नागर आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन जिला हैडक्वार्टर कमिश्नर भेरूलाल वर्मा द्वारा किया गया।

❖ भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, बारां के तत्वावधान में ब्लॉक बारां के सभी संस्था प्रधानों की संगोष्ठी जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा पीयूष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। संगोष्ठी में श्री शर्मा ने सभी संस्था प्रधानों को निर्देशित किया कि आवश्यक रूप से स्काउट गाइड रोवर



रेंजर की यूनिट पंजीयन करते हुए उन्हें देश सेवा एवं समाज सेवा के लिए सुनागरिक बनाने का कार्य आवश्यक रूप से करें। बैठक को ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अमृत सिंह ने संबोधित करते हुए सभी संस्था प्रधानों को स्काउट गाइड संचालित करने का आह्वान किया। सुनील कुमार शर्मा ब्लॉक कोऑर्डिनेटर साक्षरता चौथमल शर्मा एवं रामचंद्र बैरवा ने शिक्षा विभाग से संबंधित जानकारियां प्रदान की। संगोष्ठी में सी.ओ. स्काउट प्रदीप चित्तौड़ा ने सभी संस्था प्रधानों का स्वागत करते हुए स्काउट गाइड संगठन के उद्देश्य एवं नीति नियम की जानकारी प्रदान की।

❖ भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, बूंदी के तत्वावधान में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय देवपुरा में संचालित कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत विश्व तंबाकू निषेध दिवस का आयोजन किया गया। सी.ओ. स्काउट सुरेन्द्र कुमार



मेहरड़ा ने बताया कि विश्व तंबाकू निषेध दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री हुकुमचंद जाजोरिया सहायक निदेशक समाज कल्याण विभाग, बूंदी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्रह्मकुमारी संस्था से अल्का जी एवं सोनम जी ने की। इस अवसर पर बालक–बालिकाओं को तंबाकू के दुष्परिणाम से अवगत करवाया गया। इस अवसर पर निबंध लेखन, वाद–विवाद, पोस्टर निर्माण आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सी.ओ. गाइड श्रीमती मधु कुमारी ने सभी छात्रों को तंबाकू से दूर रहने की शपथ दिलवाई। कार्यक्रम में रामलाल मेघवाल, रतन लाल बैरवा, शिवचरण शर्मा, पल्लवी गर्ग, प्रीति सिहर, मीना बैरवा, पोखर लाल सैनी, श्याम सुन्दर प्रजापत, ललिता गौड़ आदि उपस्थित रहे।

❖ भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, बूंदी के तत्वावधान में महात्मा गाँधी राजकीय विद्यालय देवपुरा में पर्यावरण दिवस का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री देवेन्द्र सिंह भाटी (जिला वन अधिकारी) बूंदी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता



श्री शिव कुमार क्षेत्रीय अधिकारी राजस्थान प्रदूषण विभाग, श्री बलराम जी गोचर क्षेत्रीय वन अधिकारी, बूंदी ने की। कार्यक्रम की शुरुआत गॉर्ड ऑफ ऑनर, पौधारोपण एवं परिंडा बाँधकर हुई। सी.ओ. स्काउट सुरेंद्र कुमार मेहरडा ने बताया कि आज सम्पूर्ण विश्व पर्यावरण दिवस मना रहा है एवं इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों एवं लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर महात्मा गाँधी राजकीय विद्यालय, देवपुरा में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास योजना से सचिन मुद्गल और नरेश महावर की भी सक्रिय भागीदारी रही। राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण विभाग की टीम द्वारा छात्रों के लिए पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया व विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के द्वारा बालक–बालिकाओं के लिए अल्पाहार की व्यवस्था भी की गई। इस अवसर पर समुदाय को जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता रैली का आयोजन भी किया गया।

## उदयपुर मण्डल

❖ भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, डूंगरपुर के तत्वावधान में विश्व जैव विविधता दिवस की थीम 'बी द पार्ट ऑफ द प्लान' के तहत मनाया गया, जो पर्यावरण संरक्षण में जनभागीदारी पर बल देती है। कार्यक्रम की शुरुआत झंडा



वंदन और प्रार्थना सभा से हुई, जिसके बाद पर्यावरण संरक्षण, वनस्पतियों और जीव–जंतुओं की विविधता के महत्व पर जिला प्रशिक्षण आयुक्त नाना लाल अहारी ने उद्‌बोधन दिया। स्काउट्स और गाइड्स ने परिण्डा अभियान, निबंध लेखन, पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लिया। इस अवसर पर स्काउट्स और गाइड्स ने संकल्प लिया कि वे जैव विविधता की रक्षा हेतु समाज को जागरूक करेंगे, अधिक से अधिक पौधे लगाएंगे और वन्यजीवों की रक्षा करेंगे। इस अवसर पर स्थानीय संघ सचिव भैंरूलाल कटारा, सुशीला डामोर, तुलसीराम खराड़ी, प्रवीण कुमार मीणा, मनीषा पण्डया उपस्थित रहें।

❖ भारत स्काउट व गाइड, स्थानीय संघ, बिछीवाड़ा के तत्वावधान में आयोजित कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर के दौरान विश्व जैवविविधता दिवस के अवसर पर एक महत्वपूर्ण



वार्ता आयोजित की गई। इस वार्ता में अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्री जयंत जोशी और फॉरेस्ट विभाग से पंकज पटेल और सज्जन अहारी ने भाग लिया। श्री जयंत जोशी ने विलुप्त और विलुप्त होने वाले जीवों के नाम गिनाते हुए उनके संरक्षण के लिए प्रेरित किया। श्री पंकज पटेल ने स्थानीय क्षेत्र में पाए जाने वाले जीवों के नाम बताते हुए उनके संरक्षण में सहयोग की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि वन विभाग और स्थानीय लोगों के बीच सहयोग से ही जैव विविधता का संरक्षण संभव है। वार्ता के उपरांत श्री सोहनलाल भागोरा और मक्सीराम फलेजा के नेतृत्व में बिछीवाड़ा कस्बे में जन जागरूकता हेतु 'जैव संरक्षण' और 'जल संरक्षण' पर एक रैली का आयोजन किया गया। रैली में स्थानीय लोगों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया और जैव विविधता के संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाई गई।

❖ भारत स्काउट व गाइड, स्थानीय संघ, सागवाड़ा के तत्वावधान में संचालित अभिरुचि एवं कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नं.1, सागवाड़ा में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विविध गतिविधियों से युक्त प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीबीईओ श्री नरेंद्र भट्ट ने की। मुख्य अतिथि डीवाईएसपी श्री रूप सिंह ने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने आचरण से पर्यावरण संरक्षण का उदाहरण प्रस्तुत करें। अन्य वक्ताओं शिक्षाविद श्री जय दयाल, वन विभाग अधिकारी श्री राकेश जी, संस्था प्रधान श्री देवेंद्र सिंह



राणावत, स्थानीय संघ सचिव श्री विष्णु कुमार एकोत व शिविर प्रभारीगण ने भी अपने विचार रखते हुए पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने, प्राकृतिक संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग और हर व्यक्ति की सहभागिता पर बल दिया। कार्यक्रम में पर्यावरण रैली, निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण, वृक्षारोपण, भाषण तथा समूह चर्चाएँ आयोजित की गईं। स्काउट–गाइड व छात्रों ने "हरित भारत–सुरक्षित भविष्य" जैसे नारों के माध्यम से जन–जागरण किया। कार्यक्रम का संचालन श्री भूपेंद्र कुमार सोनी ने किया तथा आभार ज्ञापन श्री मोहनलाल पाटीदार द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री अनूप जैन, श्री रमण लाल पाटीदार, श्री पंकज मेहता, श्री कपिल व्यास, श्री हितेंशु पुरोहित, श्री कांतिलाल पाटीदार, श्रीमती कल्पना पाटीदार, श्रीमती हिमांगिनी सोमपुरा, मोना भोई, अश्विनी सुथार, राहुल आदि गणमान्यजन भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण की सामूहिक शपथ के साथ हुआ, जिसमें सभी उपस्थितजनों ने पृथ्वी को हरा–भरा बनाए रखने हेतु सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

❖ द विजन एकेडमी स्कूल, ए यूनिट ऑफ आरएमवी, उदयपुर में 5 जून 2025 को विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में कार्यक्रम आयोजित किया गया। राजस्थान सरकार द्वारा दी गई थीम 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के' ऊपर छात्रों व स्काउट गाइड ने जल संरक्षण एवं जलवायु के बारे में उसके महत्व के बारे में जानकार दी। स्कूल प्राचार्या डॉ. प्रतिमा सामर,



वाइस प्रिंसिपल मानसी टिक्कू उपस्थित रहे। गाइडर शिप्रा चतुर्वेदी, फ्लॉक लीडर तरुणा शर्मा, स्काउट मास्टर उमेश चंद्र पुरोहित के नेतृत्व में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।



# नि:स्वार्थ भाव अर्थात स्काउटिंग

रामदेव पारीक
सचिव स्थानीय संघ मकराना
जिला नागौर डीडवाना कुचामन

नि:स्वार्थ भाव से काम करने की व्यावहारिक शिक्षा देती है स्काउटिंग। आज के आर्थिक युग में जहां एक ओर व्यक्ति बिना स्वार्थ के कोई काम नहीं करता वहीं दूसरी ओर स्काउटिंग से जुड़े बच्चे जिन्हें स्काउट और गाइड कहा जाता है भीषण गर्मी में ऐसा कार्य कर रहे हैं जिसे देखने वाले इन बच्चों पर गर्व करते है।

इस भीषण गर्मी में राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, नागौर के जिला मुख्य आयुक्त श्री रामलाल खराड़ी, सी.ओ स्काउट मोहम्मद असफाक पँवार, सी.ओ. गाइड मीनाक्षी भाटी व मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दीपक शुक्ला के निर्देशानुसार भारत स्काउट व गाइड, स्थानीय संघ मकराना के अंतर्गत पीएम श्री राज.उ.माध्य.विद्यालय मकराना के स्काउट व गाइड ने प्रतिदिन प्रातः दस बजे से अपराह्न दो बजे तक रेलवे स्टेशन मकराना पर जल सेवा की। लगातार दूसरे साल स्काउट गाइड द्वारा यह सेवा कार्य किया गया। इस भीषण गर्मी में रेलयात्रा करने वाले यात्री जब जल के लिए तड़प उठते है, बच्चे जब जल के लिए जिद करते है, माता पिता अपने आपको विवश महसूस करते हैं, बूढ़े यात्री जब बिना पानी के बैचेन हो उठते है; तब यह नन्हे स्काउट गाइड देवदूत की तरह उपस्थित होकर कुछ ही क्षणों में सभी यात्रियों की आत्मा को शीतल जल से इतना तृप्त कर देते है कि उनकी आत्मा इन्हें आशीर्वाद के साथ कह उठती है धन्य है इन बच्चों के माता–पिता जिन्होंने इन्हें इतने अच्छे संस्कार दिए हैं।

जहां आज का युवा मोबाइल की दुनिया में सब कुछ पाने की जिद में पथभ्रष्ट हो गया है, ऐसे युवा स्काउट गाइड आशा की किरण बनकर युवाओं के भविष्य को लेकर चिंतित माता पिता को आश्वस्त करते हैं। मैं इस अवसर पर प्रशंसा करना चाहूंगा मेरी टीम के सदस्यों मानषी चोखडा, सुप्रिया कुमारी, दिव्या, भारती, किरण, अल्तमस, शाहिन, गरिमा, खुशी, वाजिद अली, फरदीन, सुरेन्द्र प्रजापत, अशफाक, हिमांशु टेलर, ऋषभ जैन आदि की, जो पूरे मनोयोग से इस पूनीत कार्य में लगे रहे। आप सबको बहुत बहुत धन्यवाद।

## CELEBRATIONS DAYS : JULY-AUGUST 2025

| | | |
|---|---|---|
| 11 July | : | World Population Day |
| 22 July | : | National Flag Adoption Day |
| 28 July | : | World Nature-Conservation Day |
| 29 July | : | World Tiger Day |
| 09 August | : | Indian Revolution Day |
| 12 August | : | International Youth Day |
| 13 August | : | Organ Donation Day |
| 15 August | : | Independence Day |
| 19 August | : | World Humanitarian Day |
| 20 August | : | Sadbhavana Day |
| 21 August | : | International Senior Citizen Day |
| 26 August | : | Women's Equality Day |
| 29 August | : | National Sports Day |

**Plan an activity with your unit on these days and send your success stories & photos to "scoutguidejyoti@gmail.com"**

हमारे महापुरूष

# प्रेमचंद : उपन्यास सम्राट

प्रेमचंद के उपनाम से लिखने वाले धनपत राय श्रीवास्तव हिन्दी और उर्दू के महानतम भारतीय लेखकों में से एक हैं। इन्हें मुंशी प्रेमचंद व नवाब राय नाम से भी जाना जाता है और उपन्यास सम्राट के नाम से सम्मानित किया जाता है। इस नाम से उन्हें सर्वप्रथम बंगाल के विख्यात उपन्यासकार शरतचंद्र चट्टोपाध्याय ने संबोधित किया था। आने वाली एक पूरी पीढ़ी को गहराई तक प्रभावित करने और साहित्य की यथार्थवादी परंपरा की नींव रखने वाले प्रेमचंद एक सफल लेखक, देशभक्त नागरिक, कुशल वक्ता, ज़िम्मेदार संपादक और संवेदनशील रचनाकार थे।

प्रेमचन्द को प्रायः ''मुंशी प्रेमचन्द'' के नाम से जाना जाता है। प्रेमचन्द के नाम के साथ 'मुंशी' कब और कैसे जुड़ गया? इस विषय में अधिकांश लोग यही मान लेते हैं कि प्रारम्भ में प्रेमचन्द अध्यापक रहे। अध्यापकों को प्रायः उस समय मुंशी जी कहा जाता था। इसके अतिरिक्त कायस्थों के नाम के पहले सम्मान स्वरूप 'मुंशी' शब्द लगाने की परम्परा रही है। परन्तु ऐसा भी नहीं था। प्रोफेसर शुकदेव सिंह के अनुसार प्रेमचन्द जी ने अपने नाम के आगे 'मुंशी' शब्द का प्रयोग स्वयं कभी नहीं किया। उनका मानना यह भी है कि यह शब्द सम्मान सूचक है, जिसे प्रेमचन्द के प्रशंसकों ने कभी लगा दिया होगा। यह तथ्य अनुमान पर आधारित है। लेकिन प्रेमचन्द के नाम के साथ मुंशी विशेषण जुड़ने का प्रामाणिक कारण यह है कि 'हंस' नामक पत्र प्रेमचन्द एवं 'कन्हैयालाल मुंशी' के सह संपादन में निकलता था। जिसकी कुछ प्रतियों पर कन्हैयालाल मुंशी का पूरा नाम न छपकर मात्र 'मुंशी' छपा रहता था साथ ही प्रेमचन्द का नाम इस प्रकार छपा होता था–

**नमस्कार करने वाला व्यक्ति विनम्रता को ग्रहण करता है और समाज में सभी के प्रेम का पात्र बन जाता है।**

**– प्रेमचंद**



**संपादक**

**मुंशी, प्रेमचन्द**

'हंस' के संपादक प्रेमचन्द तथा कन्हैयालाल मुंशी थे। परन्तु कालांतर में पाठकों ने 'मुंशी' तथा 'प्रेमचन्द' को एक समझ लिया और 'प्रेमचंद'– 'मुंशी प्रेमचंद' बन गए। यह स्वाभाविक भी है। सामान्य पाठक प्रायः लेखक की कृतियों को पढ़ता है, नाम की सूक्ष्मता को नहीं देखा करता। आज प्रेमचंद का मुंशी अलंकरण इतना रूढ़ हो गया है कि मात्र मुंशी से ही प्रेमचंद का बोध हो जाता है तथा 'मुंशी' न कहने से प्रेमचंद का नाम अधूरा–अधूरा सा लगता है।

## जीवन परिचय :

प्रेमचंद का जन्म 31 जुलाई, 1880 को वाराणसी के निकट लमही गाँव में हुआ था। उनकी माता का नाम आनन्दी देवी तथा पिता मुंशी अजायबराय लमही में डाक मुंशी थे। उनकी शिक्षा का आरंभ उर्दू, फारसी से हुआ और जीवन यापन अध्यापन से। पिता के देहान्त के एक वर्ष पश्चात उन दिनों की परम्परा के अनुसार पन्द्रह साल की उम्र में पहला विवाह हुआ जो सफल नहीं रहा। वे आर्य समाज से प्रभावित रहे। उन्होंने विधवा–विवाह का समर्थन किया और 1906 में दूसरा विवाह अपनी प्रगतिशील परम्परा के अनुरूप बाल–विधवा शिवरानी देवी से किया जिनसे तीन संताने हुई। 1910 में उनकी रचना सोजे–वतन (राष्ट्र का विलाप) के लिए हमीरपुर के जिला कलेक्टर ने उन पर जनता को भड़काने का आरोप लगाते हुए तलब किया। सोजे–वतन की सभी प्रतियां जब्त कर नष्ट कर दी गई और उन्हें न लिखने के लिए पाबन्द कर दिया गया। इस समय प्रेमचंद, धनपत राय नाम से लिखते थे। उर्दू में प्रकाशित होने वाली जमाना पत्रिका के संपादक मुंशी दयानारायण निगम ने उन्हें प्रेमचंद नाम से लिखने की सलाह दी। इसके बाद वे प्रेमच्रद के नाम से लिखने लगे। जीवन के अंतिम दिनों में वे गंभीर रूप से बीमार पड़े। उनका उपन्यास 'मंगलसूत्र' पूरा नहीं हो सका और लंबी बीमारी के बाद 8 अक्टूबर, 1936 को उनका निधन हो गया।

## कार्यक्षेत्र :

प्रेमचंद आधुनिक हिन्दी कहानी के पितामह माने जाते हैं। यों तो उनके साहित्यिक जीवन का आरंभ 1901 से हो चुका था, पर उनकी पहली हिन्दी कहानी सरस्वती पत्रिका के दिसंबर अंक में 1915 में सौत नाम से प्रकाशित हुई और 1936 में अंतिम कहानी कफन नाम से। बीस वर्षों की इस अवधि में उनकी कहानियों के अनेक रंग देखने को मिलते हैं। उनसे पहले हिन्दी में काल्पनिक, एय्यारी और पौराणिक धार्मिक रचनाएं ही की जाती थी। प्रेमचंद ने हिन्दी में यर्थाथवाद की शुरूआत की। भारतीय

साहित्य का बहुत सा विमर्श जो बाद में प्रमुखता से उभरा चाहे वह दलित साहित्य हो या नारी साहित्य उसकी जड़ें कहीं गहरे प्रेमचन्द के साहित्य में दिखाई देती हैं। अपूर्ण उपन्यास असरारे मआबिद के बाद देशभक्ति से परिपूर्ण कथाओं का संग्रह सोज़े–वतन उनकी दूसरी कृति थी, जो 1907 में प्रकाशित हुई। इस पर अँग्रेजी सरकार की रोक और चेतावनी के कारण उन्हें नाम बदलकर लिखना पड़ा। प्रेमचन्द नाम से उनकी पहली कहानी 'बड़े घर की बेटी' ज़माना पत्रिका के दिसम्बर 1910 के अंक में प्रकाशित हुई। मरणोपरांत उनकी कहानियाँ मानसरोवर के कई खंडों में प्रकाशित हुई। उपन्यास सम्राट प्रेमचन्द का कहना था कि साहित्यकार देशभक्ति और राजनीति के पीछे चलने वाली सच्चाई नहीं बल्कि उसके आगे मशाल दिखाती हुई चलने वाली सच्चाई है। 1921 में महात्मा गाँधी के आह्वान पर अपनी नौकरी छोड़ने के बाद कुछ महीने मर्यादा पत्रिका का संपादन संभाला, छः साल तक माधुरी नामक पत्रिका का संपादन किया, 1930 में बनारस से अपना मासिक पत्र हंस शुरू किया और 1932 के आरंभ में जागरण नामक एक साप्ताहिक और निकाला। 1936 में लखनऊ में आयोजित अखिल भारतीय प्रगतिशील लेखक संघ के संम्मेलन की अध्यक्षता की।

प्रेमचंद ने करीब तीन सौ कहानियाँ, कई उपन्यास और कई लेख लिखे। उन्होंने कुछ नाटक भी लिखे और कुछ अनुवाद कार्य भी किया। प्रेमचंद के कई साहित्यिक कृतियों का अंग्रेजी, रूसी व जर्मन सहित अनेक भाषाओं में अनुवाद हुआ। गोदान उनकी कालजयी रचना है तथा कफन उनकी अंतिम कहानी मानी जाती है। तैंतीस वर्षों के रचनात्मक जीवन में वे साहित्य की ऐसी विरासत सौंप गए जो गुणों की दृष्टि से अमूल्य है और आकार की दृष्टि से असीमित।

प्रेमचंद उर्दू का संस्कार लेकर हिन्दी में आए थे और हिन्दी के महान लेखक बने। कहानी और उपन्यास दोनों में युगान्तरकारी परिवर्तन पैदा किए। आम आदमी को अपनी रचनाओं का विषय बनाने वाले इस कहानीकार ने उसकी समस्याओं पर खुलकर कलम चलाते हुए उन्हें साहित्य के नायकों के पद पर आसीन किया। प्रेमचंद से पहले हिन्दी साहित्य राजा–रानी के किस्सों, रहस्य–रोमांच में उलझा हुआ था परन्तु प्रेमचंद ने साहित्य को सच्चाई के धरातल पर उतारा। उन्होंने जीवन और कालखंड की सच्चाई को पन्ने पर उतारा। वे आप भारतीय के रचनाकार थे। उनकी रचनाओं में वे नायक हुए, जिसे भारतीय समाज अछूत और घृणित समझता था। उन्होंने सरल, सहज और आम बोल–चाल की भाषा का उपयोग किया और अपने प्रगतिशील विचारों को दृढ़ता से तर्क देते हुए समाज के सामने प्रस्तुत किया। 1936 में प्रगतिशील लेखक संघ के पहले सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि लेखक स्वभाव से प्रगतिशील होता है और जो ऐसा नहीं है वह लेखक नहीं है। प्रेमचंद हिन्दी साहित्य के युग प्रवर्तक हैं। उन्होंने हिन्दी कहानी में आदर्शोन्मुख यथार्थवाद की एक नई परम्परा शुरू की।

**पुरस्कार व सम्मान :**

प्रेमचंद की स्मृति में भारतीय डाकतार विभाग की ओर से 31 जुलाई 1980 को उनकी जन्मशती के अवसर पर 30 पैसे मूल्य का एक डाक टिकट जारी किया गया। गोरखपुर के जिस स्कूल में वे शिक्षक थे, वहाँ प्रेमचंद साहित्य संस्थान की स्थापना की गई है। यहाँ उनसे संबंधित वस्तुओं का एक संग्रहालय भी है तथा उनकी एक आवक्ष–प्रतिमा भी है।

# सिलाई मशीन भेंट

भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, सिरोही द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर में वन स्टॉप सखी सेंटर केंद्र प्रबंधक महिला काउन्सलर एवं समाज सेवी सुश्री पिंकी राजपुरोहित ने एक सिलाई मशीन भेंट की। इस अवसर पर उनका स्काउट गाइड जिला मुख्यालय सिरोही की ओर से स्कार्फ एवं मोमेंटो भेंट कर स्वागत किया गया। उन्होंने ग्रीष्मकालीन कौशल विकास शिविर का अवलोकन कर छात्र छात्राओं को बधाई दी। सी.ओ. स्काउट एम.आर. वर्मा ने स्वागत कर शिविर में सिखायी जा रही विभिन्न कलाओं की जानकारी दी और इस अवसर पर महाराणा प्रताप जयंती भी मनाई गई।



# शोकाभिव्यक्ति

राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड परिवार

1) श्री बाबूसिंह राजपुरोहित, सहा. राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) जोधपुर;
2) श्री छतर सिंह पिडियार सी.ओ. स्काउट जोधवुर के पुज्य पिताजी,
3) श्री गोविन्द प्रसाद मीणा सी.ओ. स्काउट पाली के पुज्य पिताजी

के निधन पर संवेदना प्रकट करता है और प्रार्थना करता है कि ईश्वर दिवंगत आत्माओं को चिरशांति एवं शोक संतप्त परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

**राज्य सचिव**

# दक्षता पदक

स्काउट गाइड ज्योति में दक्षता पदकों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की जा रही हैं। आशा है यह जानकारी प्रशिक्षण के मद्देनज़र उपयोगी साबित होगी। इस अंक में दक्षता बैज 'स्वच्छता प्रोत्साहक व मादक दवा जागरूकता' बैजों की जानकारी दी जा रही है।

## स्वच्छता प्रोत्साहक
## SANITATION PROMOTOR

वर्तमान में स्वच्छता ने देशव्यापि आन्दोलन का रूप ले लिया है। हमारे आस–पास को स्वच्छ रखने के लिए अनेक कार्य किये जा रहे है। स्काउट गाइड इस महती योजना में अपना भरपूर सहयोग दे रहे हैं। स्वच्छता के प्रति समाज व आमजन में अलख जगाने के लिए स्काउट गाइड स्वच्छता प्रोत्साहक की भूमिका निभाते हैं और इसके लिए उन्हें स्वच्छता प्रोत्साहक या उन्नायक का दक्षता बैज प्रदान किया जाता है।

इस बैज की प्राप्ति हेतु निम्न कार्य करने होते हैं –

ग्रुप लीडर द्वारा निर्धारित की गई बस्ती में जाकर सर्वेक्षण करें तथा निम्नलिखित रूप से लोगों की सहायता करे–

(1) (अ) पीने के लिए स्वच्छ जल का प्रयोग करना।

(ब) पानी को छानने, उबालने तथा सुरक्षित रखने की विधियों का प्रदर्शन करे।

(स) लकड़ी के कोयले (चारकोल) विधि द्वारा जल को छानने के प्रयोग का प्रदर्शन करें।



(2) अन्न को चूहों तथा कुतरने वाले अन्य जीवों से बचाना।

(3) पके हुए भोजन को मक्खियों, मच्छरों तथा धूल से बचाना।

(4) कूड़े–कचरे को समाप्त करने के सही तरीके को बताना तथा कम्पोस्ट गड्ढे के उचित प्रयोग करने को बताना।

(5) खुले में शौच करने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में लोगों की शिक्षित करना।

(6) सस्ते और प्रभावी शौचालयों का निर्माण करवाना।

(7) स्वयं द्वारा तैयार किए गए हैण्डबिलों तथा पोस्टरों से तैयार कर उनकी मदद से न्यूनतम 25 घरों से सम्बन्धित लोगों को "हैल्थ–साल्ट" का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना। ■

## मादक दवा जागरूकता
## DRUG AWARENESS

युवा पीढ़ी को मादक पदार्थों से अवगत कराने और इसके दुष्परिणाम बताते हुए इनसे बचने के लिए किये जाने वाले उपायों की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से मादक दवा जागरूकता दक्षता बैज का पाठ्यक्रम निर्धारित किया गया है। नशे से बचना और बचाना इस बैज का अहम् हिस्सा है। मादक दवा जागरूकता दक्षता बैज का पाठ्यक्रम –

(1) विभिन्न प्रकार के मादक–पदार्थों व एकाधिकार प्राप्त या चोरी–छिपे बेचे जानी वाली दवाई जिनका दुरूपयोग किया जा सकता है, की जानकारी हो।

(2) अभ्यस्तता, निर्भरता, मुक्ति और सहनशक्ति जैसे शब्दों को समझे।



(3) मादक पदार्थों के प्रयोग से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले खतरों को जाने।

(4) मादक पदार्थों की ओर लोग क्यों और कैसे आकृष्ट होते है, यह जाने।

(5) 'ड्रग जागरूकता' के कार्यक्रम की एक योजना तैयार करें।

(6) 'ड्रग' के अभ्यस्त लोगों को विभिन्न तरीकों से मिलने वाली सहायता के बारे में जाने।

# गतिविधि पञ्चांग



## राज्य पञ्चांग

**PROPOSED**

| नाम शिविर/गतिविधि | स्थान | तिथियां |
|---|---|---|
| स्काउटर/गाइडर बेसिक कोर्स | जिला स्तर | 10 से 16.07.2025 तक |
| विश्व जनसंख्या दिवस–(बी.एस.जी. डायमंड जुबली के उपलक्ष में जन चेतना साइकिल रैली) | ग्रुप/स्था.संघ स्तर | 11.07.2025 |
| प्रधानमंत्री शील्ड लॉग बुक भेजना | राज्य मुख्यालय पर | 15.07.2025 तक |
| राज्य स्तरीय अवार्ड कमेटी मीटिंग | राज्य मुख्यालय | 15.07.2025 तक |
| संस्था प्रधान सेमीनार | जिला स्तर | 15.07.2025 तक |
| प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर सेमिनार | मण्डल स्तर पर | 15.07.2025 तक |
| सचिव/संयुक्त सचिव संगोष्ठी | मण्डल व जिला स्तर | 15.07.2025 तक |
| नेशनल ग्रीन कोर गतिविधियां | ग्रुप/जिला स्तर | 16 से 22.07.25 |
| 19वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड जम्बूरी हेतु मीटिंग | जिला स्तर पर | 17.07.25 |
| स्थानीय संघ वार्षिक अधिवेशन | स्थानीय संघ स्तर पर | 20.07.2025 तक |
| ट्रेनिंग कॉउन्सलर/ए.डी.सी द्वारा ग्रुप संभाल | स्थानीय संघ स्तर पर | 21 से 26.07.2025 |
| स्टेट एडवेंचर प्रोग्राम | आबू पर्वत न.1 | 21 से 25.07.2025 |
| स्पेशल कौशल विकास ट्रेनर्स प्रशिक्षण शिविर | सवाईमाधोपुर | 25 से 29.07.2025 |
| एडवेंचर प्रोग्राम | मण्डल स्तर पर | 25 से 29.07.2025 |
| राज्य स्तरीय मासिक ऑर्गेनाइजर्स संगोष्ठी | राज्य मुख्यालय पर | 30.07.2025 तक |
| पाक्षिक ऑर्गेनाइजर्स ऑनलाइन संगोष्ठी | मण्डल स्तर पर | 30.07.2025 तक |
| स्काउटर/गाइडर एवं ट्रेनिंग कॉउन्सलर अभिनवन शिविर | जिला स्तर | 31.07.2025 तक |



## राष्ट्रीय पञ्चांग

**PROPOSED**

| Name of Camp/Activity | Date | Place |
|---|---|---|
| National Level Adult Leader Trekking prog. | 27 - 31 August 2025 | Trikutta Bhawan, Katra, J & K |



## अन्तर्राष्ट्रीय पञ्चांग

**PROPOSED**

| Name of Camp/Activity | Date | Place |
|---|---|---|
| 16th World Scout Moot 2025 | 25 July - 03 August, 2025 | Lisboa, Portugal |
| 14th Sri Lanka National Cubboree | 15 - 17 August, 2025 | North Central Province, Sri Lanka |
| 15th Asia Pacific Regional Conference (WAGGGS) | 19-23 August, 2025 | New Delhi |
| Arts 4 Healing | 19 - 25 September, 2025 | Sangam, Pune, Maharashtra |
| 28th Asia-Pacific Regional Scout Conference | 12 - 17 October, 2025 | Kaohsiung, Taiwan |
| Jamboree Denmark 2026 | 18 - 26 July 2026 | Hedeland Naturepark |
| 26th World Scout Jamboree-Poland | 30 July - 08 August 2027 | Gdansk, Northern Poland |

**National Headquarters website : www.bsgindia.org**

# चित्र विथिका



राजस्थान लेखा सेवा परिषद के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने पर राज्य कोषाध्यक्ष श्री ललित वर्मा को पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई देते हुए राज्य सचिव डॉ. पी.सी. जैन एवं अन्य अधिकारीगण।



पायकारा वाटर फॉल के अवलोकन पश्चात रोवर रेंजर कर समुह फोटो



कुन्नुर स्थित सिम पार्क भ्रमण के दौरान स्काउटर गाइडर



राजस्थान के शिक्षा मंत्री श्री मदन दिलावर जी के 66वें जन्मदिवस पर स्मृति चिन्ह भेंट कर भारत स्काउट व गाइड प्रदेश संगठन की ओर से शुभकामनाएं अर्पित करते हुए मण्डल मुख्यालय, जयपुर के अधिकारी व कार्यकर्ता। इस अवसर पर श्री दिलावर को संगठन का स्कार्फ, साफा व माला पहनाकर स्काउट रीति से अभिनन्दन किया गया।

प्रकाशक व मुद्रक : डॉ. पी.सी. जैन, राज्य सचिव, राजस्थान राज्य भारत स्काउट्स व गाइड्स, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर फोन नं. 0141-2706830 द्वारा मैसर्स हरिहर प्रिण्टर्स, जे-97, अशोक चौक, आदर्श नगर, जयपुर-302004 फोन : 0141-2600850 से मुद्रित।

हिन्दी मासिक एक प्रति रूपये पन्द्रह

प्रकाशन - प्रत्येक माह

पंजीकृत समाचार पत्रों की श्रेणी के अन्तर्गत

आर.एन.आई. नम्बर : RAJ BIL/2000/01835

प्रेषक :-

राजस्थान राज्य भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, बजाज नगर, जयपुर-302015

फोन : 0141-2706830, 2941098

ई-मेल : scoutguidejyoti@gmail.com